दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 331
कोटद्वार गुरूवार
13 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## सीएम ने दी बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को 'बैसाखी' पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बैसाखी हर्ष और उल्लास के साथ उत्साह व भाईचारे का भी पर्व है। उन्होंने कहा कि नई फसल के कटने से जुड़ा यह पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं तथा किसान व कृषि संस्कृति का भी परिचायक है। यह लोक आस्था एवं समृद्धि का भी प्रतीक है। इस पावन पर्व पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शान्ति व समृद्धि की कामना की है।

## केजरीवाल से मिलने पहुंचे नीतीश-तेजस्वी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आज राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। केजरीवाल से मुलाकात करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अधिक से अधिक विपक्षी पार्टियों को एकजुट करेंगे। दोनों मुख्यमंत्रियों ने एक साथ आकर कहा कि इस वक्त देश बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहा है। आजादी के बाद की सबसे भ्रष्ट सरकार आज देश के अंदर है। इसलिए ये बहुत जरूरी है कि सभी विपक्षी पार्टी एक साथ आकर केंद्र के अंदर सरकार बदले और ऐसी सरकार आनी चाहिए जो देश को विकास दे सके।

## गर्भवती महिला एंटीजन में पॉजिटिव

**चम्पावत।** टनकपुर शहर की एक गर्भवती महिला एंटीजन जांच में कोरोना संक्रमित मिली है। डॉक्टरों ने महिला को होम आइसोलेशन के निर्देश दिए हैं। नई बस्ती निवासी 9 माह की गर्भवती महिला बुधवार को अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल पहुंची थी। सर्दी जुकाम और बुखार की शिकायत होने पर चिकित्सकों ने महिला को कोरोना जांच की सलाह दी। जिसके बाद महिला ने एंटीजन टेस्ट कराया। उप जिला अस्पताल में कोरोना जांच कर रहे लैब असिस्टेंट अजय शुक्ला ने बताया कि एंटीजन जांच में गर्भवती महिला पॉजिटिव आई है।

जिसका आरटीपीसीआर सैंपल भी ले लिया गया है। बताया कि गर्भवती महिला को होम आइसोलेट के निर्देश दिए हैं। बुधवार को कुल 26 लोगों की जांच की गई।

## स्नान के दौरान शारदा में डूबे श्रद्धालु को बचाया

**चम्पावत।** पूर्णागिरि दर्शन से लौटने के बाद शारदा नदी में स्नान के दौरान डूब रहे एक श्रद्धालु को तैराक पुलिस ने समय रहते बचा लिया।

बताया जा रहा है कि अचानक बेहोश होकर बदायूं, बिसौली, उत्तर प्रदेश निवासी श्रद्धालु मनीष दिवाकर पुत्र रामसेवक नदी में डूब गया। शोर शराबा होने पर तैराक पुलिस मौके पर पहुंची और श्रद्धालु को नदी से निकाल उपजिला अस्पताल पहुंचाया।

## दून मेडिकल कॉलेज में गायनी में मिली सात सीटें

**देहरादून।** दून मेडिकल कॉलेज के गायनी डिपार्टमेंट में मेडिकल पीजी की 7 सीटों को नेशनल मेडिकल काउंसिल ने अनुमति दे दी है प्राचार्य डॉ आशुतोष सयाना ने एलओपी की चिट्ठी मिलने की पुष्टि की है उन्होंने बताया कि गायनी में पहले 2 सीट थी अब यहां पर 9 सीटें हो जाएगी पीजी की सीटें बढ़ने से जहां छात्रों के लिए सरकारी कॉलेजों में पीजी करने के विकल्प बढ़ेंगे वही पीजी आने से विभाग में डॉक्टर को लेकर राहत मिलेगी बता दे कि दोनों पताल के गायनिक विभाग में सबसे ज्यादा दबाव मरीजों का रहता है ।

यहां पर दबाव की वजह से तमाम समस्याएं आती है।

# गंगा नदी के नीचे पहली मेट्रो ट्रेन चलाकर रचा इतिहास

**कोलकाता , एजेंसी।** कोलकाता मेट्रो ने गंगा (हुगली) नदी के नीचे से पहली मेट्रो रैक को हावड़ा मैदान तक ले जाकर इतिहास रच दिया। लंबे इंतजार के बाद बुधवार को देश की पहली मेट्रो ट्रेन गंगा नदी के नीचे से दौड़ी। भारत में यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बने कोलकाता मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी।

कोलकाता के महाकरण से हावड़ा मैदान स्टेशन तक मेट्रो रेल की रैक नंबर टफ-612 ने पहली यात्रा की। इस रैक ने हुगली नदी को पूर्वाह्न 11.55 बजे पार किया। इस दौरान रेड्डी के साथ मेट्रो के अतिरिक्त महाप्रबंधक एचएन जायसवाल, कोलकाता मेट्रो रेलवे कारपोरेशन लिमिटेड (केएमआरसीएल) के एमडी समेत मेट्रो के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ट्रेन के पहुंचने के बाद रेड्डी ने हावड़ा स्टेशन पर पूजा की।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने बताया कि बाद में रैक नंबर एमआर-613 को भी हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। इसे ऐतिहासिक घटना बताते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक ट्रायल रन अगले सात महीनों तक चलेगा और इसके बाद इस खंड पर नियमित सेवाएं शुरू हो जाएंगी।

केएमआरसीएल के सभी कर्मचारी, इंजीनियर जिनके प्रयासों और देखरेख में इस इंजीनियरिंग चमत्कार को हासिल किया गया है, वे खुश हैं कि उनका सपना सच हो गया है।

मेट्रो रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने कहा है कि मेट्रो रेलवे के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि कई बाधाओं को पार करने के बाद हम हुगली नदी के नीचे रेक चलाने में सफल हुए हैं।

### देश की यह पहली अंडरवाटर मेट्रो परियोजना

कोलकाता और उपनगरों के लोगों को एक आधुनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। यह वास्तव में बंगाल के लोगों के लिए भारतीय रेलवे की ओर से बांग्ला नववर्ष पर एक विशेष तोहफा है।

दो मेट्रो रेक को आज कोलकाता के एस्प्लेनेड स्टेशन से हावड़ा मैदान स्टेशन ले जाया गया। जल्द ही हावड़ा मैदान से एस्प्लेनेड तक 4.8 किलोमीटर के भूमिगत खंड पर ट्रायल रन शुरू होगा। उम्मीद है कि इस खंड पर वाणिज्यिक सेवाएं इसी साल शुरू हो जाएंगी।



एक बार यह खंड खुल गया तो हावड़ा देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन (सतह से 33 मीटर नीचे) हो जाएगा। मेट्रो के 45 सेकंड में हुगली नदी के नीचे 520 मीटर के हिस्से को कवर करने की उम्मीद है। नदी के नीचे बनी यह सुरंग जलस्तर से 32 मीटर नीचे है।

## आजाद की टिप्पणी के रूप में भाजपा को मिला 'ब्रह्मास्त्र'

### राहुल पर हमले जारी रखेगी पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्ष 2024 आम चुनाव से पहले एकजुट होने का प्रयास कर रहा है। वहीं, भाजपा को गुलाम नबी आजाद द्वारा राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी एक कारगर हथियार के रूप में मिल गई है, जिसे लेकर भाजपा लगातार कांग्रेस पर हमला करना जारी रख सकती है।

बता दें कि विपक्षी दलों द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एकजुट होने का प्रयास और अदाणी मुद्दे पर जेपीसी की मांग की जा रही है। गुलाम नबी आजाद के आरोपों के बाद, सोमवार को भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला और पूछा कि क्या कांग्रेस नेता देश को कमजोर करने के लिए भारत विरोधी कारोबारियों के साथ काम कर रहे हैं।बता दें कि गुलाम नबी आजाद ने गंभीर आरोप लगाया कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो वे 'अवांछनीय व्यवसायियों' से मिलते हैं। आजाद के बयान पर रविशंकर ने पूछा कि राहुल गांधी किससे मिले? एजेंडा क्या है? क्या राहुल



गांधी देश को कमजोर करने के लिए भारत विरोधी व्यापारियों के साथ काम कर रहे हैं?इससे पहले, आजाद ने एक साक्षात्कार में कहा था, "यह शर्म की बात है कि राहुल गांधी ने कहा कि उनका कभी भी किसी व्यवसायी से कोई संबंध नहीं रहा है। जबकि उनका पूरा परिवार व्यापारियों से जुड़ा रहा है। क्योंकि मेरे मन में अभी भी गांधी परिवार के लिए बहुत सम्मान है। इसलिए, मैं कुछ भी नहीं बोलना चाहता। नहीं तो, मैं 10 उदाहरण दे सकता हूं।"इधर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता के प्रयासों को लेकर बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात की।

## महिलाओं को राजनीति में अवसर देने की जरूरत : खंडूड़ी

**देहरादून।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में अधिक अवसर दिए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के बिना राजनीति में महिलाओं की भूमिका नहीं बढ़ सकती। ऐसे में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को राजनीति में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बुधवार को बंगलुरू में आयोजित जी20 की समूह सी20 सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए स्पीकर ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में अवसर दिए जाने की जरूरत है। उन्होंन कहा कि मातृशक्ति राजनीति में एक महत्वपूर्ण ताकत होती है। जो समाज में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देती हैं। महिलाओं को सक्रिय रूप से राजनीति में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग, गोलीबारी में चार जवानों की मौत

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन के अंदर बुधवार तड़के करीब 04: 35 बजे फायरिंग की घटना हुई। इस घटना में चार जवानों की मौत हो गई है। स्टेशन क्विक रिएक्शन टीमों को सक्रिय कर दिया गया। पूरे इलाके को घेर लिया गया और सील कर दिया गया। सर्च ऑपरेशन जारी है। बठिंडा में आर्मी कैंट के सभी एंट्री गेट बंद कर दिए गए हैं। हेलिकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने घटना की जानकारी दी है।

दरअसल, बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में बुधवार सुबह करीब 4:30 फायरिंग से हड़कंप मच गया। फायरिंग में चार जवानों की मौत हुई है। जवानों के परिवारों को मामले की सूचना दी जा रही है।

उक्त घटना के बाद मौके पर पहुंची पंजाब पुलिस को कैंट के बाहर ही रोक लिया गया और

**इन जवानों ने गंवाई जान**
- ड्राइवर एमटी संतोष
- ड्राइवर एमटी कमलेश
- ड्राइवर एमटी सगरबान
- गनर योगेश कुमार

उनको कहा गया कि अभी आर्मी का तलाशी अभियान चल रहा है। सूत्रों ने बताया आर्मी अधिकारियों ने कैंट अंदर घरों में रहने वाले लोगों को घरों से बाहर ना निकलने की सलाह दी है।

बता दें कि बठिंडा मिलिट्री स्टेशन के गार्ड रूम से दो दिन पहले इंसास राइफल चोरी हुई थी। आज की घटना को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग पर बठिंडा एसएसपी का बयान आया है। उन्होंने कहा कि मिलिट्री स्टेशन में फायरिंग आतंकी घटना नहीं है। सूत्रों के अनुसार, बठिंडा मिलिट्री स्टेशन से मैगजीन के साथ एक इंसास



राइफल दो दिन पहले गायब हुई थी। लापता हथियार की तलाश की जा रही है। इस घटना के बाद बठिंडा कैंट को पूरी तरह सील कर दिया गया और कैंट पुलिस के साथ पंजाब पुलिस ने कैंट को जाने वाले हर रास्ते पर नाकाबंदी कर दी। सूत्रों ने बताया कि दो दिन पहले कैंट के अंदर जंगलों से एक व्यक्ति का शव मिला था। जिसको कुत्तों ने नोच-नोच कर खाया हुआ था। मृतक सेना का जवान बताया जा रहा। बठिंडा के तलवंडी साबो में दो दिन बाद खालसा साजना दिवस पर लाखों की सिख संगत इकट्ठे होने वाली है। इसी के मद्देनजर पिछले कई दिनों से बठिंडा में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई थी। चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा था। ऐसे में फायरिंग की आवाज से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। बुधवार तड़के जहां फायरिंग हुई वह क्षेत्र तलवंडी साबो से मात्र 35 किलोमीटर दूर है।

# लोक पर्वों और त्योहारों में मिलेट उत्पादों का उपयोग अवश्य करें : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मसूरी के एक होटल में मिलेट्स-2023 के अन्तर्गत आयोजित 'क्षमता और अवसर' राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों से आये अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस कान्फ्रेंस में विशेषज्ञों द्वारा जो मंथन किया जायेगा अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष को सफल बनाने में यह कारगर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर मिलेट्स किसानों के लिए अपनी कम लागत क्षमता के कारण उपयोगी हैं वहीं ये पोशक तत्वों से भरपूर होने के कारण आज के बदलते परिवेश में हम सबके लिए भी अति आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि लोक पर्वों और त्योहारों में मिलेट उत्पादों का उपयोग अवश्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व का विषय है कि




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

भारत के प्रस्ताव और गंभीर प्रयासों के बाद ही संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया। भारत के बहुत से राज्यों में मोटे अनाज की खेती प्रचुर मात्रा में होती है, परंतु पहले इसके उचित दाम किसानों को नहीं मिलते थे। अब तस्वीर बदल रही है, इसका कारण लोगों का मोटे अनाजों को लेकर बदलता नजरिया है। आज मिलेट्स को लेकर देश में कई स्टार्टअप भी प्रारंभ हुए हैं, जो न केवल किसानों को फायदा पहुंचा रहे हैं, बल्कि लोगों को रोजगार भी दिला रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री ने इसे श्री अन्न की संज्ञा दी है। जब हम किसी संकल्प को आगे बढ़ाते हैं तो उसे सिद्धि तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी उतनी ही अहम होती है। श्री अन्न केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं है, जो लोग भारत की परंपराओं से परिचित हैं वे जानते हैं कि हमारे यहां किसी के आगे ''श्री'' ऐसे ही नहीं जुड़ता है। जहां ''श्री'' होता है वहां समृद्धि भी होती है, समग्रता भी होती है और विजय भी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में मिलेट की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित करने का कार्य कर रही है। राज्य के पर्वतीय जनपदों के कृषकों से सहकारिता विभाग एवं उत्तराखण्ड कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से मंडुवा, झंगोरा, चौलाई जैसे मोटे अनाजों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। प्रत्येक वर्ष सहकारिता एवं विपणन बोर्ड द्वारा पर्वतीय जिलों में क्रय केन्द्र संचालित करके पर्वतीय जिलों के कृषकों से उनके गांव के निकट ही मंडुवा, झंगोरा आदि की खरीद करके किसानों को उनके खाते में ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है, इससे न सिर्फ किसानों की आय में बढोतरी हो रही है बल्कि मिलेट उत्पादों के उत्पादन हेतु किसान प्रोत्साहित भी हो रहे हैं। उत्तराखण्ड की जलवायु के अनुसार मिलेट की खेती को प्रोत्साहित करना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, ताकि हमारा प्रदेश मिलेट उत्पादन में शीर्ष स्थान प्राप्त करे एवं राज्य की आर्थिक उन्नति में भागीदार बने। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल, कौसाम्ब के उपाध्यक्ष और गोवा मण्डी परिषद के अध्यक्ष प्रकाश शंकर, असम मण्डी परिषद के अध्यक्ष मनोज बारूह, हरियाणा मण्डी परिषद के अध्यक्ष आदित्य देवीलाल चौटाला, कौसाम्ब के एमडी डॉ. जेएस यादव, उत्तराखण्ड मण्डी परिषद के एमडी आशीष भटगाई एवं विभिन्न राज्यों से आये विशेषज्ञ उपस्थित थे।

## समर सिंह का दोस्त संजय सिंह बनारस से गिरफ्तार

### आकांक्षा दुबे प्रकरण में पुलिस कर रही थी तलाश

**वाराणसी, एजेंसी।** भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के एक अन्य आरोपी संजय सिंह को पुलिस ने बुधवार को वाराणसी से गिरफ्तार किया। भोजपुरी गायक समर सिंह पहले से ही पुलिस की गिरफ्त में है। आजमगढ़ के बिलरियागंज क्षेत्र के गद्दोपुर निवासी संजय ही समर सिंह का सारा कामकाज देखता था। आकांक्षा की मां मधु दुबे ने समर और संजय सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संजय सिंह को गोइठहां अंडरपास रिंग रोड से क्राइम ब्रांच और सारनाथ थाने की पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया।

सारनाथ स्थित एक होटल के कमरे में बीते 26 मार्च को आकांक्षा दुबे का शव फंदे के सहारे लटका मिला था। वह भोजपुरी फिल्म की शूटिंग करने वाराणसी आई थीं। 27 मार्च को



आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे की तहरीर के आधार पर सारनाथ थाने में आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके दोस्त संजय सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मुकदमा दर्ज होते ही समर सिंह और संजय सिंह भूमिगत हो गए। छह अप्रैल की रात गाजियाबाद में अपने रिश्तेदार के घर ठहरने गए समर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

उधर, संजय सिंह की तलाश में सारनाथ थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की तीन टीमों की दबिश जारी थी।

# योगी ने कोरोना की स्थिति की समीक्षा की, अस्पतालों में मास्क अनिवार्य करने के दिये निर्देश

**लखनऊ, एजेंसी।** देश में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति और उच्चस्तरीय टीम-9 के साथ प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से देश के विभिन्न राज्यों में कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्तमान में देश में 38 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं, हालांकि उत्तर प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। यहां न केवल पॉजिटिविटी दर कम है,



बल्कि जो कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी स्थिति भी सामान्य है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति घबराने की नहीं सतर्क और सावधान रहने की है। उन्होंने कहा कि एहतियात के तौर पर अस्पतालों में मास्क अनिवार्य किया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 1791 एक्टिव केस हैं और अप्रैल माह में अब तक पॉजिटिविटी दर 0.65 प्रतिशत रही है। पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक होगा कि हम हर स्तर पर सतर्क रहें। हमें अलर्ट मोड में रहना होगा। लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा और मेरठ जनपद में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। कोविड के हर संदिग्ध मरीज को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए सभी जिलों में डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल तत्काल क्रियाशील कर दिया जाए।

उत्तर प्रदेश कोविड टीकाकवर से सुरक्षित है। सर्वाधिक टीकाकरण उत्तर प्रदेश में हुआ है। राज्य स्तरीय कोविड सलाहकार समिति की रिपोर्ट बताती है कि कोविड को लेकर प्रदेश में किसी बड़े खतरे की आशंका न्यून है, लेकिन हमें कोविड अनुकूल व्यवहार को अपनाना चाहिए। गंभीर रोग से ग्रस्त, वृद्धजन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आवागमन से यथासंभव बचने का प्रयास करें। यदि जाएं तो मास्क लगाकर ही जाएं। इस संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। अस्पतालों के बाहर भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम से जागरूकता प्रसार करें। अस्पतालों में मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए।प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। चुनाव प्रचार और मतदान के बीच संक्रमण प्रसार की आशंका भी है।

# विकास योजनाओं के औचित्यपूर्ण आंगणन के साथ प्रस्ताव तैयार करें



जयन्त प्रतिनिधि :चमोली : जिला योजना वर्ष 2023-24 की रूपरेखा तैयार करने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डा. ललित नारायण मिश्र ने बुधवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नए विकास योजनाओं के औचित्यपूर्ण आंगणन के साथ प्रस्ताव तैयार करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन प्रतिनिधियों के सुझावों एवं जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अति आवश्यक योजनाओं की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए जिला योजना में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करें। अपूर्ण योजनाएं और अवशेष देनदारी से संबधित योजनाओं को भी प्रस्तावित विभागीय परिव्यय में शामिल करें। उन्होंने विकास विभागों को स्वरोजगार आधारित एवं क्लस्टर बेस योजनाओं के प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक काश्तकारों, किसानों एवं आम जनमानस को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तावित योजनाओं एवं अनुमानित बजट को लेकर भी चर्चा की गई। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विनय जोशी ने बताया कि शासन से इस जनपद की जिला योजना वर्ष 2023-24 हेतु 6875.34 लाख का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है, जिसमें 2198.63 लाख चालू, बचनबद्व एवं मानदेय के लिए और 1031.30 लाख का परिव्यय स्वरोजगार परक योजनाओं के लिए निर्धारित है। जबकि 3645.41 लाख अन्य शेष योजनाओं हेतु प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने सभी विभागों को प्रस्तावित विभागीय परिव्यय संबधी विवरण शीघ्र अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव शर्मा, जिला विकास अधिकारी डा. महेश कुमार सहित समस्त जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## शिविर में 60 लोगों ने रक्तदान कर किया प्रेरित

चमोली : मातृ सेवा सप्ताह के तहत चमोली के जिला मुख्यालय गोपेश्वर में हंस कल्चरल सेंटर के द्वारा सेवा भी सम्मान भी कार्यक्रम के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 60 रक्तदताओं ने रक्तदान किया। हंस कल्चरल सेंटर से जुड़े समाज सेवी लक्ष्मण सिंह राणा ने बताया माता राजराजेश्वरी की जयंती को मातृ सेवा सप्ताह के अन्तर्गत देश के अलग–अलग राज्यों में मनाया जा रहा है। बुधवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में पीजी कॉलेज गोपेश्वर, राजकीय नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर सहित स्थानीय युवाओं ने भी बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। हंस कल्चरल सेंटर से जुड़े लक्ष्मण सिंह राणा ने बताया कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में कुल आज 60 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया हैं। साथ ही इन दिनों हंस कल्चरल सेंटर के द्वारा सरकारी विद्यालयो में पठन पाठन सामग्री वितरण के साथ पोस्टर, निबंध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा हैं।

# गुलाबराय मैदान में लगाएं सड़क किनारे खड़े वाहन

रुद्रप्रयाग : लम्बे समय से रुद्रप्रयाग में बदरीनाथ और केदारनाथ हाईवे किनारे पार्क वाहन चालकों को अब पुलिस ने सख्त चेतावनी दी है कि सड़क किनारे खड़े वाहन हटाकर गुलाबराय मैदान में लगाए जाएं। ताकि यात्रा के दौरान नगर में किसी तरह की जाम की स्थिति न आए साथ ही आवाजाही में भी दिक्कत न हो।



मुख्यालय स्थित गुलाबराय से लेकर पेट्रोल पंप और संगम बाजार तक हाईवे किनारे बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के वाहन लगे हैं। हालांकि हाईवे किनारे पार्क इन वाहनों से जहां यातायात में दिक्कतें हो रही हैं वहीं आम लोगों की आवाजाही में भी परेशानियां पैदा हो रही हैं। नगर में पार्किंग न होने से स्थानीय लोगों की परेशानी को शीतकाल में भले ही पुलिस ने किसी तरह का दबाव न दिया हो किंतु अब चारधाम यात्रा के चलते हाईवे पर वाहनों का दबाव रहेगा। कोतवाली पुलिस लगातार एनाउंस करते हुए नगर की जनता को जागरूक कर रही है कि अपने वाहनों को हाईवे से हटाकर गुलाबराय मैदान में लगा दिया जाए। यदि इसके बाद भी उक्त वाहन हाईवे से नहीं हटाए गए तो उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई तो होगी ही साथ में यातायात बाधित कराने सहित अन्य मामलों में मुकदमे की कार्रवाई भी की जाएगी। कोतवाली निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा गुलाबराय मैदान में वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था की गई है। जिन लोगों ने हाईवे किनारे अपने वाहन लगाए हैं वह यथाशीघ्र वाहनों को गुलाबराय मैदान में लगाएं ताकि यातायात सुचारु चल सके। (एजेंसी)

# नगर निगम के चुनाव के लिए यूकेडी ने 14 वार्डों में प्रभारी बनाए

ऋषिकेश। नगर निगम ऋषिकेश के आगामी चुनाव को लेकर यूकेडी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यूकेडी ने चुनाव की तैयारियों के लिए बुधवार को कार्यकर्ता सम्मेलन किया। इसमें नगर निगम के 14 वार्डों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। बुधवार को बीस बीघा में उत्तराखंड क्रांति दल ऋषिकेश महानगर का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में केंद्रीय महामंत्री मोहन सिंह असवाल ने कहा कि संगठन ही पार्टी की रीड की हड्डी है। संगठन मजबूत होगा, तो ही चुनाव में पार्टी जीत हासिल करेगी। ओबीसी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष सेवक सिंह राणा ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ही एकमात्र ऐसा दल है, जिसने उत्तराखंड राज्य की प्रथम लड़ाई लड़ी और जीती भी। अब फिर से लोगों को संगठित होकर दल के लिए काम करने की आवश्यकता है। वरिष्ठ नेता सौरभ थपलियाल ने कहा कि सभी जाति वर्ग के लोगों को अपने युवा पीढ़ी को देखते हुए संगठित होकर क्षेत्रीय पार्टी के साथ जुड़ना चाहिए।

केंद्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ सुमित अरोड़ा ने कहा कि सभी व्यापारी अपने स्तर पर पार्टी की रीति नीति के अनुसार संगठन की संरचना बनाएंगे और संगठन को आर्थिक रूप से भी मजबूत करेंगे। इस दौरान नगर निगम के 14 वार्डों के लिए विनोद नौटियाल, सेवक सिंह राणा, विमल नौटियाल, दीपक चौहान, गुलाब सिंह रावत, शकुंतला, अमित कोठारी, उपेंद्र सकलानी, रीना भारद्वाज, युद्धवीर सिंह चौहान, सुनील बिष्ट, सौरव सेमवाल, विकास कुमार, शिवम सक्सेना को प्रभारी बनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि अन्य वार्डों में भी जल्द ही प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। समापन अवसर पर नेशनल अवार्ड विजेता बॉडी बिल्डर्स आंचल बिष्ट को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## छात्राओं को मशरूम उत्पादन व जैविक खेती की जानकारी दी

देहरादून। डीडब्ल्यूटी कॉलेज डालनवाला में बुधवार को मशरूम उत्पादन एवं जैविक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कालेज के कौशल विकास प्रकोष्ठ ने बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम ट्रेनर रायपुर कृषि उत्पादन संस्थान आशीष व्यास, सार्थक और भूपेश उनियाल ने मशरूम उत्पादन और जैविक खेती के लाभ एवं प्रक्रिया की जानकारी दी। मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यशाला में छात्राओं की सहभागिता के साथ कॉलेज के कमरे में मशरूम की खेती की गई एवं महाविद्यालय परिसर में जैविक खेती के अंतरगत बेल वाली सब्जियां उगाई गई।

# केंद्र सरकार विपक्षी दलों को ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर चुप करा रही : कांग्रेस

नई टिहरी : कांग्रेस की जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय सभागार में बैठक की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के समय जो लोक लुभावने वादे किये थे, वह आज तक पूरे नहीं हो पाये हैं।

भाजपा सरकारें जनता को गुमराह करने में लगी हैं। धनोल्टी विधानसभा के थत्यूड़ ब्लॉक सभागार में कांग्रेस जौनपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि कांग्रेस ने हर जाति, वर्ग और धर्म लोगों को बराबर का सम्मान दिया है, लेकिन भाजपाई जाति और धर्म की राजनीति कर देश की एकता को तोड़ने का काम कर रहीं है। कहा कि कांग्रेस संविधान के अनुसार कार्य करती रही है।

केंद्र सरकार विपक्ष दलों के नेताओं को ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर चुप कराने में लगी है। दोष पूर्ण भावना के चलते कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता तक समाप्त कर दी गई है। कांग्रेस प्रदेश महासचिव मनमोहन सिंह मल्ल और अखिलेश उनियाल ने कहा कि धनोल्टी विधानसभा विकास से कोसों पीछे छूट गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जय भारत सत्याग्रह यात्रा के जरिए लोगों को केंद्र सरकारी की जनविरोधी नीतियों को बताएगी। कहा कि प्रदेश में बेरोजगार युवा रोजगार के लिये दर–दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं, सरकारी भर्ती में लगातार घोटले हो रहे हैं। इससे पूर्व नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मौके पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत, बसंती भारती, जोत सिंह रावत, गंभीर सिंह नेगी, सूर्यपाल पंवार, दर्शन लाल नौटियाल, इंद्रदेव डोभाल, देवेंद्र सिंह राणा, ज्योत सिंह रावत, श्रीपाल पंवार, विजय गुसाईं, नंदकिशोर नौटियाल, आदित्य कोहली, बंसती भारती, मनोज गौड़, सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## रोडवेज बस में सेब कारोबारी का बैग चोरी

ऋषिकेश। रोडवेज बस में हिमाचल प्रदेश के एक सेब कारोबारी का बैग चोरी हो गया। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने अज्ञात चोर की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। कोतवाली पुलिस के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के लाहुलस्पीति में कैलांग निवासी मोहित भारद्वाज ने बताया कि उन्हें प्रयागराज जाना था।

## एक नजर

### दो दुकानों में चोरी का आरोपी दबोचा

ऋषिकेश। एक ही रात में दो दुकानों से नगदी और सामान की चोरी के आरोप में पुलिस एक युवक को गिरफ्तार किया है। निशानदेही पर पुलिस ने आरोपी से नगदी और चोरी का सामान बरामद किया है। पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक हरिद्वार रोड स्थित वर्कशॉप संचालक संजीव पुत्र धर्मपाल ने शिकायत दी कि अज्ञात शख्स ने उनकी दुकान का ताला तोड़कर कार की दो बैटरियां चोरी कर लीं। इसी मार्ग पर आनंद पुत्र उमराव सिंह राणा ने भी दुकान से दो हजार रुपये की नगदी और सामान चोरी की शिकायत दी। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक संदिग्ध युवक की पहचान हुई, इसके बाद पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर युवक को दूनमार्ग स्थित आशुतोषनगर चौक के पास से पकड़ लिया। तलाशी में पुलिस को युवक से 1300 रुपये बरामद किए। निशानदेही पर चोरी की बैटरी और अन्य सामान भी बरामद कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि आरोपी की पहचान संदीप पुत्र राजपाल भट्ट निवासी गली नंबर दो, गंगानगर, ऋषिकेश के रूप में हुई। धरपकड़ करने वाली टीम में एसआई विपनेश कुमार, कांस्टेबल संदीप छाबड़ी, अमित कुमार और कुलदीप आदि शामिल रहे।

### आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर जश्न

देहरादून। आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने पर बुधवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मेहनत से पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि आप ने ईमानदार राजनीति का मॉडल खड़ा किया है। इसलिए पार्टी देशभर में विकल्प के तौर पर उभर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी पार्टी जल्द चुनावों में सफलता दर्ज करेगी।

# सार्वजनिक जगहों से हटाया जाए अतिक्रमण

ऋषिकेश। डोईवाला नगर पालिका की बोर्ड बैठक में पार्षदों ने वार्डों से अतिक्रमण हटाने, बंदरों को पकड़ने और विकास कार्यों से संबंधित कई प्रस्ताव रखे। बुधवार को डोईवाला नगर पालिका के सभागार में बोर्ड बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष सुमित्रा मनवाल और संचालन ईओ उत्तम सिंह नेगी ने किया। बैठक में सभासद मनीष धीमान ने डोईवाला चौक पर लगी शहीद दुर्गा मल्ल की मूर्ति का प्रकरण उठाते हुए कहा कि इसका सबसे पहले प्रस्ताव उन्होंने दिया था। जबकि बोर्ड में प्रस्ताव पर दूसरे सभासद का नाम लिखा गया है। बैठक में कहा गया कि अब दोनों सभासदों का नाम लिखा जाएगा। मनीष धीमान ने नगर पालिक क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने का मामला उठाया। सभासद ईश्वर रौथान ने वार्ड में सीसीटीवी कैमरे लगाने, वार्डों में गली नंबर के बोर्ड लगाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में पंचायत के कई क्षेत्र शामिल किए हैं, यहां कई लोगों द्वारा सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव रखा।सभासद राजेश भट्ट ने कहा कि हिमालयन चौक पर ठेलियां लगने से जाम की स्थिति बन रही है, इन्हें हटवाया जाए। सभासद गौरव मल्होत्रा ने कहा कि उनके वार्ड में कूड़ा उठान के लिए किसी घर से 30 रुपये,



तो किसी घर से 50 रुपये वसूले जा रहे हैं। इससे असमंजस की स्थिति बनी रहती है। सभासद गौरव मल्होत्रा व मनीष धीमान ने जल्द ही श्मशान घाट को 25 लाख रुपये दिए जाने का प्रस्ताव रखा। सभासद अब्दुल कादिर ने अपने क्षेत्र में वीर अब्दुल हमीद के नाम से पार्क बनाने और मूर्ति लगाने की मांग की। उन्होंने नगर पालिका के ठेकेदारों का जल्द भुगतान की मांग भी की।सभासद संदीप नेगी ने अपने क्षेत्र कोटी में बने सरकारी भवन का सौंदर्यीकरण कर ग्रोथ सेंटर बनाने का प्रस्ताव रखा। सभासद नरेश मनवाल ने भानियावाला से सैन चौकी तक सड़क किनारे हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। सभासद और जिला योजना सदस्य बलविंदर सिंह ने कहा कि बैठक के प्रस्तावों को जिला योजना में भेजा जाएगा। सफाई निरीक्षक सचिन रावत ने हल्द्वानी की तर्ज पर डोईवाला नगर पालिका में भी महिला स्वयं सहायता समूह को एक–एक वार्ड गोद देने की बात कही। कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर–घर जाकर कूड़े का पैसा इकट्ठा करेंगी। एकत्रित राशि का 25 प्रतिशत उनको भुगतान किया जाएगा। सभी सहायता समूह की महिलाएं स्कूल में जाकर छात्र–छात्राओं के साथ जन जागरूकता अभियान चलाएगी। सहायता समूह की महिलाएं सफाई निरीक्षकों के साथ सफाई व्यवस्था का सर्वे भी करें। नगरपालिका के डाटाबेस सर्वे में भी महिलाओं की मदद ली जाए। इस दौरान सभासदों ने डोईवाला नगर में लगने वाली स्ट्रीट लाइटों को बाहर से न मंगवाकर लोकल मार्केट से लेने पर नाराजगी भी जताई।बैठक में सभासद मनीष धीमान, बलविंदर सिंह, हिमांशु राणा, नरेश मनवाल, संगीता डोभाल, प्रियंका मनवाल, राजेश भट्ट, संदीप नेगी,प्रदीप नेगी, ईश्वर रौथान, रेणु देवी, लक्ष्मी कौशल,गीता खत्री, अब्दुल कादिर, सुनीता सैनी, शिवानी, दीपिका नेगी, सुषमा कोठारी आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड की बेटियों को न्याय दिलाया जाए

ऋषिकेश। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जय भारत सत्याग्रह बुधवार को भी जारी रहा। सत्याग्रह के जरिए कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। कांग्रेसियों ने अंकिता भंडारी और किरण नेगी हत्याकांड पर विभिन्न सवाल उठाते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी को पोस्टकार्ड भेजे। बुधवार को रेलवे मार्ग स्थित एक भवन में महानगर महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि भाजपा राज में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। सरकार अभी तक उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी और किरण नेगी के हत्याकांड की गुत्थी पूरी तरह से सुलझ नहीं पाई है। महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष नीलम तिवारी ने कहा कि अंकिता भंडारी की हत्या को लगभग 8 महीने हो गए हैं। लेकिन अभी तक कई प्रश्न अनसुलझे हैं। इसमें पहला सवाल है कि रिजॉर्ट में कौन वीआईपी उस रात आने वाला था, रिजॉर्ट को जेसीबी से किसने तोड़ा, रिजॉर्ट में आग किसने और क्यों लगाई, सरकार सीबीआई जांच क्यों नहीं करवा रही है। इसी प्रकार किरण नेगी हत्याकांड को लेकर भी सवाल हैं। इन सवालों को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी को पोस्टकार्ड भेजे गए। मौके पर कमला प्रसाद भट्ट, सतीश शर्मा, विनोद रतूड़ी, रिया, आराधना, कनिका रावत, नेहा धूपिया, कनिष्का ठाकुर, साक्षी मलिक, विपासा पाल, कोकिला, विपुल, नरेन्द्र कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सर्वेक्षण दिवस पर सर्वे के ऐतिहासिक पड़ाव किए याद

देहरादून। सर्वे ऑफ इंडिया हाथीबड़कला में राष्ट्रीय सर्वेक्षण दिवस पर हुई गोष्ठी में भारतीय सर्वेक्षण के ऐतिहासिक पड़ावों को याद किया गया। भारत के महासर्वेक्षक का कार्यालय सभागार में हुई गोष्ठी में अपर महासर्वेक्षक (तकनीकी) ब्रिगेडियर बी सरीन चंदर ने बताया कि 10 अप्रैल 1802 को थियोडोलाइट यंत्र का उपयोग करके वैज्ञानिक एवं खगोलीय गणनाओं के प्रेक्षण पर आधारित ग्रेट त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण की आधार रेखा को मापने का काम सेंट थॉमस चेन्नई से शुरू हुआ था। सन 1841 तक इस सर्वे कार्य को लगातार जारी रखते हुए मसूरी के विनोग हिल तक करीब 2400 किमी लंबी ग्रेट मेरोडिनल आर्क(बृहत यामोत्तर चाप) को मापा गया। इसे विश्व में सबसे लंबी ग्रेट मेरोडिनल आर्क भी कहा जाता है। इसे भारतीय सर्वेक्षण विभाग के कर्मठ अधिकारियों, सहयोगी कर्मचारियों, महान भारतीय सर्वेक्षकों, नक्षत्र विज्ञानी एवं गणितज्ञों द्वारा सफलता पूर्वक माप कर इतिहास रचा गया था। इसी प्रकार विश्व के सर्वोच्च शिखर माउंट एवरेस्ट की समुद्र सतह से उंचाई के प्रेक्षण आंकलन एवं गणना का कार्य भी (1841– 54) भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा प्रमाणित तौर पर किया गया। जो आज के आधुनिक यंत्रों एवं डिजिटल गणनाओं के बेहद करीब है। उन्होंने भारतीय सर्वेक्षण विभाग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवार को सर्वेक्षण दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने मौजूदा कर्मचारियों से पूर्व के कार्यों से प्रेरणा लेकर विभाग को जियो–स्पेशियल जगत के शिखर तक पहुंचाने का आह्वान किया। समारोह के विशेष अतिथि ब्रिगेडियर केजी बहल अपर महासर्वेक्षक (सेवानिवृत्त), कर्नल सुमित द्विवेदी निदेशक राष्ट्रीय भू–स्थानिक आंकड़ा केंद्र ने भारतीय उपमहाद्वीप के करीब 1382 उन द्वीपों का संकलित ब्यौरा दिया, जिसे सामरिक, आर्थिक व जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है।

## ग्राफिक एरा यूएस कंपनी के साथ तैयार करेगा साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम

देहरादून। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में साइबर सिक्योरिटी पर नया पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए अमेरिका की प्रख्यात कंपनी इसी–काउंसिल से हाथ मिलाया है। इसी–काउंसिल विश्व की जानी–मानी साइबर सिक्योरिटी कंपनी होने के साथ सर्टिफाइड एथिकल हैकर सर्टिफिकेशन भी करवाती है। ग्राफिक एरा का यह कोलैबोरेशन विवि के साइबर सिक्योरिटी पाठ्यक्रम को संयुक्त रूप से विकसित करने के साथ प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इन्क्यूबेशन सेंटर की मदद से छात्र छात्राओं को साइबर रेडी बनाएगा। इस पार्टनरशिप की मदद से छात्र छात्राओं को सोल्यूशन ओरिएंटेड सिक्योरिटी में ट्रेन किया जाएगा।

# सेलाकुई के बाशिंदों ने ईओ से लगाई पेयजल किल्लत से निजात की गुहार

विकासनगर। पेयजल संकट से जूझ रहे सेलाकुई के बाशिंदों ने अधिशासी अधिकारी से समस्या का निदान करने की मांग की है।

बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि सेंट्रल होप टाउन ग्राम पंचायत के दौरान करीब तीस हजार की आबादी को पीने का पानी मुहैया कराने के लिए स्वजल योजना के तहत दो नलकूप लगाए गए थे, जो पिछले तीन साल से बंद पड़े हुए हैं। बताया कि ग्राम पंचायत के दौरान बहादरपुर और सेलाकुई थाने के पीछे स्वजल योजना के तहत दो नलकूप लगाए गए थे। इन दोनों नलकूप से क्षेत्र के तीस हजार की आबादी को पीने के पानी की आपूर्ति होती थी। ग्राम पंचायत के दौरान इन दोनों पेयजल योजनाओं के रखरखाव के लिए ग्राम समिति का गठन किया गया था, जो उपभोक्ताओं से बिल की वसूली करती थी।

बताया कि तत्कालीन समिति ने उपभोक्ताओं से बिल की वसूली प्रत्येक माह की, लेकिन नलकूप के बिजली का बिल जमा नहीं किया। ग्राम पंचायत के नगर पंचायत में तब्दील होने के बाद भी बिल जमा नहीं किया गया, जिसके चलते पचास लाख से अधिक बकाया दोनों नलकूप पर हो गया था। बकाया बिल नहीं चुकाए जाने पर ऊर्जा निगम ने बिजली का कनेक्शन काट दिया, जिसके चलते पीने के पानी की आपूर्ति ठप हो गई है।

स्थानीय बाशिंदों ने कहा कि दोनों ही नलकूप पेयजल योजना को जल संस्थान को हस्तांतरित किया जाना चाहिए, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पीने के पानी की आपूर्ति बहाल हो सके। बताया कि अभी स्थानीय लोगों को घर से करीब दो किमी दूर हैंडपंप और सिंचाई गूल से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल नौटियाल, राजेश प्रधान, भगत सिंह आदि शामिल रहे।

# मुख्य सचिव अध्यक्षता में हुई उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार विस्तृत गतिशीलता योजना के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार विस्तृत गतिशीलता योजना (उङ्केस्त्र१ीँल्ल२५ी टङ्क्ष'३८ ढ'ल्ल) के सम्बन्ध में बैठक हुयी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने मोबिलिटी प्लान के अंतर्गत पंडितवाड़ी से रेलवे स्टेशन को जोड़ने हेतु रोप–वे के सुझाव की जगह ऐसे क्षेत्रों को जोड़ने के लिए ढी१२ङ्कल्लं' फंर्स्रिळ१ल्ल२३ (पीआरटी) को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने शहर की यातायात की समस्या को देखते हुए विस्तृत गतिशीलता प्लान के अंतर्गत शीघ्र लागू किए जा सकने वाले सुझावों पर तेजी से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को माता मंदिर से हरिद्वार बाईपास को जोड़ने वाले आरओबी के लिए सभी प्रकार के सर्वे तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के सभी चौराहों पर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत स्मार्ट सिग्नल लगाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी देहरादून को दिए। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन को अधिक से अधिक सस्ता किए जाने के भी निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का प्रयोग करने को प्रोत्साहित हों।

मुख्य सचिव ने पूरे शहर में सप्ताह में होने वाले बाजार बंद को क्रमिक रूप से अलग–अलग बाजारों के लिए अलग–अलग दिन निर्धारित किए जाने पर विचार किए जाने के निर्देश दिए।



साथ ही देहरादून के मुख्य मार्गों के आसपास खाली पड़े प्लॉट्स को पार्किंग के रूप में प्रयोग किए जाने हेतु प्लॉट स्वामियों से सम्पर्क किया जाए।

उनसे इस सम्बन्ध में अनुबंध किया जा सकता है कि उन्हें जब भी प्लॉट की आवश्यकता होगी, बिना किसी देरी के उन्हें लौटाया जा सकेगा अथवा प्लॉट स्वामी किराया आधारित पार्किंक स्वयं संचालित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों की पार्किंग को ऑफिस बंद होने के बाद प्रयोग किए जाने की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने एमडीडीए से नक्शे स्वीकृत कराते समय यातायात प्रभाव आंकलन को शामिल किया जाना सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर सचिव आवास एस. एन. पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं एसपी ट्रैफिक अक्षय प्रह्लाद कोंडे सहित प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन जितेन्द्र त्यागी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आवारा पशुओं से निजात की मांग

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन ने आवारा पशुओं के आतंक से निजात की मांग की है। कहा कि सड़क पर घूम रहे आवारा गोवंश, कुत्ते व बंदरों ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है।

समस्या के संबंध में संगठन ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। बताया कि नगर निगम क्षेत्र में आवारा पशुओं के साथ ही बंदरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन बंदर आमजन पर हमला कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व जब संगठन के बेस अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए तो वहां अधिकांश लोग बंदरों के हमले से ही घायल मिले। कहा कि जनहित को देखते हुए जल्द इस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयोजक प्रदीप कुमार अग्रवाल, महेंद्र कुमार अग्रवाल, पीएल खंतवाल आदि मौजूद रहे।

# शराब की दुकान का विरोध, पार्षद ने दी आत्मदाह की चेतावनी

### वार्ड नंबर 29 से वार्ड नंबर 31 में शिफ्ट की जा रही शराब की दुकान ,दुकान शिफ्ट करने के लिए सर्वे करने पहुंची टीम को झेलना पड़ा विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** भाबर क्षेत्र शराब की दुकान को शिफ्ट करना प्रशासन व आबकारी विभाग के लिए सिरदर्द बन गया है। दुर्गापुरी वार्ड नंबर 31 में सर्वे करने पहुंची टीम को क्षेत्रवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष व पार्षद सौरभ नौटियाल ने दुर्गापुरी में शराब की दुकान खुलने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है।

पूर्व में खूनीबड़ में संचालित हो रही शराब की दुकान को वार्ड नंबर 29 घमंडपुर में खोलने की तैयारी चल रही थी। लेकिन, दुकान खुलने की भनक लगते ही वार्डवासियों ने पार्षद कुलदीप रावत के नेतृत्व में इसका विरोध शुरू कर दिया। पिछले चार दिन से महिलाएं लगातार दुकान के बाहर बैठकर धरना दे रही थी। ऐसे में प्रशासन व आबकरी विभाग ने दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की योजना बनाई।

योजना के तहत जिलाधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार मंजीत सिंह व आबकारी अधिकारी आनंद सिंह चौहान दुकान के लिए जगह चिन्हित करने वार्ड नंबर 31 दुर्गापुरी में पहुंच गए। जैसे ही प्रशासन व आबकारी विभाग की टीम दुकान के लिए एक भवन का सर्वे कर रही थी। स्थानीय लोग वहां पहुंचे और दुकान का विरोध करने लगे।

पार्षद सौरभ नौटियाल ने कहा कि घमंडपुर में विरोध के बाद प्रशासन दुर्गापुरी में शराब की दुकान खोलने जा रहा है। यह दुर्गापुरी वासियों के साथ भेदभाव है। कहा कि यदि दुर्गापुरी क्षेत्र में शराब की दुकान खोली गई तो वह उसी दुकान के बाहर आत्मदाह कर लेंगे। विरोध के दौरान पार्षद ने अपने कपड़े तक उतार लिए

**आज बंद रखेंगे दुर्गापुरी चौराहा**

पार्षद सौरव नौडियाल ने कहा कि दुर्गापुरी में शराब की दुकान खोलने पर क्षेत्रवासियों व व्यापारियों ने गुरुवार को दुर्गापुरी चौराहा बंद रखने का निर्णय लिया है। कहा कि क्षेत्र में किसी भी तरह से शराब की दुकान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस-के लिए महिलाएं व क्षेत्रवासी दुर्गापुरी चौराहे पर धरना प्रदर्शन भी करेंगे।



दुर्गापुरी में शराब की दुकान खोले जाने का विरोध करते हुए पार्षद

# मैथमेटिक्स क्विज प्रतियोगिता में मानस डोबरियाल रहा अव्वल



महाविद्यालय में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के गणित परिषद के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिताएं एवं राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित मैथमेटिक्स क्विज प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

मैथमेटिक्स क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मानस डोबरियाल (बीएससी थर्ड ईयर) द्वितीय पुरस्कार गौरव सिंह रावत (एमएससी फर्स्ट सेमेस्टर) एवं तृतीय पुरस्कार अवंतिका सेमवाल (बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निधि रावत (बीए थर्ड ईयर) द्वितीय पुरस्कार संदीप (एमएससी थर्ड सेम) तृतीय पुरस्कार अवंतिका सेमवाल (बीएससी फर्स्ट सेम) एवं अनूपमा गौड़, हिमांशु रावत (बीएससी फर्स्ट सेम) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अश्रुति रावत (एमएससी फर्स्ट सेम) द्वितीय सपना रावत (एमएससी फर्स्ट सेम) तृतीय योगिता पंथरी एवं निधि जसवाल (एमएससी फर्स्ट सेम), सोनाली पंथ (बीएससी फर्स्ट सेम) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने सभी विजयी छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उन्हें इसी तरह प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया। गणित विभाग प्रभारी डॉ. योगिता ने बताया गणित विभाग द्वारा समय-समय पर निबंध, भाषण, क्विज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है ताकि छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. तृप्ति दीक्षित, अजय सिंह उपस्थित रहे। सभी ने विजयी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

## श्रीनगर में यात्रा रूट पर नहीं होगी पानी की कमी

**श्रीनगर गढ़वाल** : चारधाम यात्रा को देखते हुए जल संस्थान की ओर से तैयारियां कर दी गई हैं। कीर्तिनगर से कलियासौड़ तक करीब 20 किमी. के दायरे में जल संस्थान द्वारा 28 पानी की टंकियों और 33 हैंडपंपों से यात्रियों को हर समय पानी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा चार वॉटर एटीएम भी जल संस्थान द्वारा लगाए गए हैं। जिसमें शुद्ध पेयजल की मॉनिटरिंग हर रोज की जाएगी।जल संस्थान के सहायक अभियंता कृष्णकांत ने बताया कि यात्रा सीजन को देखते हुए पानी की टंकियों व हैंडपंपों पर रंग रोगन कराया गया है। जो भी टूट-फूट थी उसे भी सही कर दिया गया है। टंकियों में पानी की उपलब्धता हर समय रहेगी। उन्होंने कहा कि कीर्तिनगर से श्रीकोट तक पानी के चार वाटर एटीएम लगाए गए हैं। सभी चालू हालत में हैं और इनसे हर समय पानी यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा नगर क्षेत्र में भी पेयजल आपूर्ति सुचारू रहेगी। कहा यात्रा काल में पानी की दिक्कत नहीं होगी। (एजेंसी)

# महाविद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों को मिला स्मृति सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : स्व. जीवानन्द कलावती जोशी चेरिटेबल ट्रस्ट (पंजीकृत) कोटद्वार के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में किया गया। जिसमे महाविद्यालय के पूर्व छात्र स्व. अतुल जोशी की स्मृति में महाविद्यालय के चारों संकायों में सर्वोच्च अंक लाने वाली छः छात्राओं को अतुल जोशी प्रतिभा / स्मृति सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। समान स्वरूप पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व सम्मान राशि भेंट की गई।सम्मानित होने वालों में निशा कला, अंजुम अंसारी वाणिज्य, कृतिका डबराल व अंजली नेगी बीएड, प्रतिका बलूनी विज्ञान, देवेन्द्री खंतवाल बॉयोटेक शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष नंदकिशोर ढौंडियाल 'अरुण' ने व संचालन सचिव चंद्रप्रकाश नैथानी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जानकी पंवार, प्राचार्या, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान होने से छात्र-छात्राओ में ऊर्जा का संचार होता है उन्होंने ट्रस्ट का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ट्रस्ट गत बारह वर्षों से हमारे महाविद्यालय के छात्रों को प्रोत्साहित करते आ रहा है। इस अवसर पर आद्य शंकराचार्य भारती देवी एजुकेशनल फाउंडेशन द्वारा संचालित मूक-बधिर संस्थान झण्डीचौड के संस्थापक कमलेश कुमार को 21000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. नंदकशिोर ढौंडियाल 'अरुण' ने कहा कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए हर सम्भव प्रयास करने चाहिए। चक्रधर शर्मा 'कमलेश', ट्रस्टी समाजसेवी सुरेन्द्र लाल आर्य' सर्वोदयी पुरुष', सत्यप्रकाश थपलियाल, कै. पीएल खंतवाल (सेनि), अरुण कुमार, जनार्दन बुडाकोटी आदि ने संबोधित किया। सभा में सुदीप बौंठियाल, चक्रधर कंडवाल, शूरबीर खेतवाल, रिपुदमन बिष्ट, प्रकाश कोठारी, प्रवेश नवानी, शिव प्रसाद कुकरेती, धीरजधर बछुवाण, मीना बछुवाण, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद थे ।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते ट्रस्ट के सदस्य

# सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन पर निगम ने दिखाई सख्ती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर सैकड़ों टन पालीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद किया।

**नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन के खिलाफ चलाया अभियान**

नगर आयुक्त वैभव गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने मलगौदाम रोड, नजीबाबाद रोड, पटेल मार्ग सहित अन्य स्थानों पर पालीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने दो दुकान व तीन गोदामों से सैकड़ों टन सिंगल यूज प्लास्टिक व पालीथिन बरामद की। इसके साथ ही नगर निगम गोखले मार्ग व स्टेशन क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओं अभियान भी चलाया। टीम को देख अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। अतिक्रमणकारी अपना सामान लेकर इधर-उधर गलियों में भागने लगे।

सफाई निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान एक दर्जन से अधिक अतिक्रमणकारियों के चालान काटे गए। साथ ही व्यापारियों को अपना सामान सड़क किनारे नाली के बाहर नहीं लगाने की चेतावनी दी गई।

व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आमजन से भी सहयोग की अपील की गई। कहा कि जनता के सहयोग से ही शहर की व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सकता है।



कोटद्वार में पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाती निगम की टीम

## कोटद्वार की पांच लैबों पर लगाया 50-50 हजार का जुर्माना

पौड़ी : स्वास्थ्यस विभाग जिले में बिना पंजीकरण के संचालित हो रही पैथोलॉजी लैबों को लेकर सख्त हो गया है। विभाग ने कोटद्वार में बिना पंजीकरण के संचालित हो रही पांच पैथोलॉजी लैबों पर 50-50 हजार जुर्माना लगाया है। साथ ही लैब संचालकों को नोटिस जारी करते हुए अपने पंजीकरण की कार्यवाही पूरी करने को भी कहा है। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो संचालकों पर जुर्माना और बढ़ाते हुए कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।पौड़ी जिले के नोडल अफसर एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि कोटद्वार में टीम ने बीती 6 अप्रैल को लैबों का निरीक्षण किया था। समय-समय पर ये निरीक्षण किए जाते हैं। लैब संचालन के लिए क्लीनिकल स्टेबिलसमेंट ऐक्ट के तहत पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। साथ ही मेडिकल प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड का प्रमाण पत्र भी चाहिए होता है, लेकिन कोटद्वार में संचालित 5 लैबों के पास न तो क्लीनिकल स्टेबिलिसमेंट ऐक्ट के तहत पंजीकरण पाया गया और नहीं एमपीसीबी का प्रमाण पत्र। जिस पर सभी लैब संचालकों पर 50-50 हजार रूपये का जुर्माना लगाते हुए नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में संचालकों को ऐक्ट के तहत अपने लैबों का पंजीकरण करवाने को लेकर हिदायत दी गई है।

# प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में मनाया गया प्रवेशोत्सव



पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

**कोटद्वार** : पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री व विवेकानंद के साहित्य दिए। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपना लक्ष्य तय करना चाहिए।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। घर-घर जाकर अभिभावकों को अपने पाल्यों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा विभाग द्वारा छात्र–छात्राओं को कई सुविधाएं व छात्रवृत्ति उपलब्ध करवाई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। इस मौके पर दिनेश सिंह, मनवर सिंह चौहान, यशपाल रमोला आदि मौजूद रहे।

# भक्तों का कल्याण करने वाले हैं भोलेनाथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने कहा कि भगवान शिव कल्याण व सुख के स्त्रोत हैं। वे संपूर्ण विद्याओं के ईश्वर समस्त भूतों के अधीश्वर, ब्रह्मवेद के अधिपति व साक्षात परमात्मा हैं। शिव नाम का जाप करने मात्र से मनुष्य के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं।

द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पाली में आयोजित शिव महापुराण के तीसरे दिन आचार्य लखेड़ा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने लोक कल्याण के लिए हलाहल विष का पान कर लिया और अमृत देवताओं को दे दिया। कहा कि इससे भगवान शिव ने मानव जाति को त्याग का संदेश दिया। यदि महान बनना चाहते हैं तो त्याग की भावना से पोषित होना होगा। कहा कि जब तक मानव अज्ञानता के गहन अंधकार से त्रस्त रहेगा, तब तक उसका सर्वांगीण विकास संभव नहीं हैं।

जिस प्रकार बाहर के प्रकाश से वाह्य अंधकार दूर होता है, उसी प्रकार आंतरिक ज्ञान प्रकाश से आंतरिक अज्ञान तमस नष्ट होता है। शिव केवल सच्ची श्रद्धा और भक्ति के अधीन है। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय लखेड़ा, प्रमोद सिंह चौहान, विजय नेगी, दीपेंद्र सिंह, ललिता नेगी, लक्ष्मी देवी, अर्जुन सिंह नेगी, शेर सिंह राणा, मनोज काला, सुभाष काला आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया प्रवेशोत्सव, बच्चों का किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय कन्या इंटर कालेज कलालघाटी में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों का विद्यालय में स्वागत किया।

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने दी प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकार कई योजनाएं भी चला रही है। प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने माला पहनाकर नव प्रवेशी 46 बच्चों का स्वागत किया एवं पाठ्य सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया।

साथ ही विगत वर्ष हाईस्कूल एवं इण्टर बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 13 छात्राओं की माताओं को एक-एक हजार रुपये भी पुरस्कार स्वरूप दिए।



विद्यालय में विद्यार्थियों को सम्मानित करती शिक्षक

# कांट्रेक्ट रिन्यू करने की मांग को लेकर धरना जारी



हल्द्वानी। कांट्रेक्ट रिन्यू करने की मांग को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का धरना प्रदर्शन बुधवार को 28वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना काल में उन्होंने मरीजों का इलाज किया। सरकार ने प्रोत्साहन देने की जगह उनका रोजगार छीन लिया है। उन्होंने सरकार से तुरंत कांट्रेक्ट रिन्यू करने की मांग की है। इस दौरान कुमुद बहुगुणा, कविता शर्मा, कमल, ललित, महेंद्र, मोहन जोशी, रघुवर दत्त, महेश आर्य, नवीन बेलवाल, अनिता, राधा, दलीप आदि मौजूद रहे।

## तल्ली हल्द्वानी में अप्रैल माह से आएगा रीडिंग से बिल

हल्द्वानी। तल्ली हल्द्वानी में अप्रैल से रीडिंग के अनुसार पानी का बिल आएगा। बुधवार को जल निगम के समाधान शिविर में मौजूद जेई महेश चंद्र ने यह जानकारी दी।

सभी उपभोक्ताओं के मीटर में अभी तक की रीडिंग को शून्य कर दिया है। शिविर में विश्व बैंक परियोजना से जुडे 430 उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश जोशी ने बताया कि मीटर रीडिंग में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए टेक्निकल टीम घर–घर जा कर समाधान करेगी। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद मनोज जोशी, रोहित भंडारी, राजीव मेहरा, ललित आर्य, मनोज आर्य, जानकी बिष्ट रहीं।

# कुमाऊं कमिश्नर ने जीएसटी चोरी के सामान को किया जब्त



हल्द्वानी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मॉर्निंग वॉक के दौरान सरस मार्केट क्षेत्र में जीएसटी चोरी कर लाया जा रहा सामान जब्त कराया। उन्होंने जीएसटी के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कार्रवाई कराई। कमिश्नर दीपक रावत को लगातार शिकायत मिल रही थी कि शहर से बड़ी मात्रा में जीएसटी चोरी कर सामान की सप्लाई की जा रही है। बुधवार सुबह वह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। सरस मार्केट के पास उन्होंने कई लोगों को सामान की सप्लाई करते देखा। उन्होंने सप्लायरों से जीएसटी बिल मांगे तो वह नहीं दिखा पाए। इस पर उन्होंने तुरंत जीएसटी के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। अधिकारियों ने वहां पहुंचकर सामान की जांच की तो पता चला कि 38 पैकेट बिना जीएसटी बिल के सप्लाई किए जा रहे थे। इनमें अलग–अलग प्रकार की सामग्री पाई गई। जांच में यह भी पाया गया कि पैकेट पर कुछ और लिखा था जबकि अंदर सामान अलग निकला।

# तमंचा लेकर दहशत फैला रहा नाबालिग गिरफ्तार



हल्द्वानी। मंडी चौकी क्षेत्र में एक किशोर को कॉलोनी में तमंचा लेकर घुमते देख दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर को पकड़कर कोतवाली ले आई। एसआई गुलाब सिंह कम्बोज ने बताया बरेली रोड धान मिल के पास गश्त कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि एक किशोर शक्ति विहार कॉलोनी में तमंचा लेकर घुम रहा है।

टीम मौके पर पहुंची तो किशोर पुलिस टीम को देखकर भागने लग गया। पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास एक 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ।

# चिन्यालीसौड़ में श्री अन्न योजना सप्ताह मनाया

उत्तरकाशी। भाजपा किसान मोर्चा की ओर से मंडल स्तर पर प्रधानमंत्री श्री अन्न योजना सप्ताह मनाया गया। इस दौरान रासायनिक खेती को छोड़ लोगों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया गया। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शीशपाल चंद रमोला ने ग्रामीण मंडल राजथली व शहरी मंडल बनचौरा में ग्रामीणों को संबोधित करते हर कहा की देश में मिलेट्स या मोटे अनाज को अब श्री अन्न की पहचान दी गई है। श्री अन्न केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं है। भारतीय परंपरा से परिचित लोग इस बात से अच्छी तरह अवगत है कि हमारे यहां किसी के आगे श्री यदि जुड़ता है तो वहां समृद्धि भी होती है और समग्रता भी। 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किसान मोर्चा की ओर से श्री अन योजना न्याय सप्ताह पखवाड़ा मानाया जा रहा है। वहीं रासायनिक खाद से खेती को किसानों से बंद करने का अनुरोध किया गया। बताया कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर सभी मंडलों में न्याय सप्ताह पखवाड़ा के तहत समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा । इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चैन सिंह महर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोबेन्द्र बिष्ट, पूनम रमोला, बालकराम नौटियाल, राजेन्द्र रांगड़ आदि थे।

## क्षतिग्रस्त नालियां न बनाने पर इंजीनियरों का घेराव किया

चम्पावत। नगर लोहाघाट में क्षतिग्रस्त नालियों को ठीक करने की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में लोगों ने लोनिवि के अभियंताओं का घेराव किया। उन्होंने जल्द क्षतिग्रस्त नालियां ठीक न होने पर आंदोलन और तालाबंदी की चेतावनी दी। पालिका अध्यक्ष वर्मा के नेतृत्व में पालिका सभासदों और नगर के जागरुक लोगों ने लोनिवि में धरना प्रदर्शन कर मौके पर मौजूद अभियंताओं का घेराव किया। लोगों ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में हथरंगिया से एसडीएम कोर्ट और मीना बाजार चौराहा, मीना बाजार से डाक बंगला रोड बाड़ीगाड़ तक, राय चक्की से शितला माता मंदिर, मंदिर से कालू सिंह चौराहे तक और खेतीखान रोड तक हर जगह नालियां क्षतिग्रस्त हैं। जिससे सड़क पर गंदा पानी आ रहा है। इसके अलावा ऊर्जा निगम कार्यालय के पास सड़क पर जलभराव हो गया है।

## पुलिस ने नशे के खिलाफ आरआरआर ऑपरेशन किया शुरू

बागेश्वर। जिलेभर में पुलिस ने नशा मुक्ति को लेकर आरआरआर ऑपरेशन शुरू कर दिया है। ऑपरेशन के तहत पुलिस ने अल्मोड़ा बाजार में जागरूकता अभियान चलाया। नशे के अड्डों को चयनित कर लोगों से सहयोग की अपील की। जिलेभर में बढ़ती नशा खोरी और नशा तस्करी की रोकथाम के लिये पुलिस ने रेपिड एक्शन, रिकवरी व रिहैब्लीटेशन (आरआ-रआर) शुरू किया है। ऑपरेशन आरआरआर के तहत नशे के विरुद्ध औचक चेकिंग अभियान चलाने, मादक पदार्थों की बरामदगी कर तस्करी व बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई और नशे के जाल में फंसे लोगों की काउंसलिंग के माध्यम से नशा छुड़वाने आदि का कार्य किया जाएगा।

# जांच होने तक प्रभारी कानूनगो को पद से हटाया

काशीपुर। प्रभारी कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई न होने से आक्रोशित विधायक आदेश चौहान एवं उनके समर्थक बुधवार को तहसील दफ्तर पहुंच गए। दफ्तरों में तालाबंदी करने से पहले एसडीएम, सीओ, तहसीलदार ने विधायक से वार्ता कर मामले को सुलझा लिया। जांच होने तक प्रभारी कानूनगो अपने पद पर काम नही करेंगे। साथ ही तीन दिन में ग्राम प्रधान एवं प्रभारी कानूनगो की तहरीरों पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। बुधवार को विधायक चौहान बड़ी संख्या में महिला–पुरुष समर्थकों के साथ तालाबंदी करने तहसील पहुंचे। दफ्तरों में तालाबंदी करने से पहले ही विधायक को एसडीएम सीमा विश्वकर्मा, सीओ वंदना वर्मा, तहसीलदार पूनम पंत एवं कोतवाल पीएस दानू ने उन्हें वार्ता के लिए तहसीलदार कार्यालय बुला लिया। विधायक ने प्रभारी कानूनगो का प्रभार हटाने, ग्राम प्रधान से रिश्वत मांगने की तहरीर पर प्रभारी कानूनगो सुशील जुनेजा के खिलाफ कार्रवाई करने, प्रभारी कानूनगो द्वारा उनके और उनके समर्थकों के खिलाफ दी गई तहरीर पर निष्पक्ष जांच करने को कहा। कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालकर सरकारी अभिलेख फाड़ने के आरोप जांच में यदि झूठे पाए जाते हैं तो प्रभारी कानूनगो के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सभी मांगों को एसडीएम ने मान लिया। इसके बाद विधायक एवं उनके समर्थक चले गए। वहीं बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने एसडीएम को पत्र देकर प्रभारी कानूनगो को हटाकर उनके खिलाफ निलंबन की संस्तुति डीएम को करने की मांग की है। यहां मो.उमर, खेम सिंह, राहुल गहलोत, सुंदर पाल, अमनप्रीत सिंह, जगजीत सिंह, अरविंद चौहान, हनीफ प्रधान, दूल्हे खान, शेख हाशिम, करिश्मा गहलोत, डोली, रूबी खातून, हिमांशु, आदित्य गहलोत, आबिद नूरी, आरिफ आदि रहे।

जांच होने तक प्रभारी कानूनगो को पद से हटा दिया गया है। ग्राम प्रधान कमरुद्दीन से खसरे की नकल के लिए रिश्वत मांगने की जांच तीन दिन में पूरी कर कार्रवाई की जाएगी। – सीमा विश्वकर्मा, एसडीएम, जसपुर

विधायक और उनके समर्थकों के खिलाफ प्रभारी कानूनगो द्वारा दी गई तहरीर पर जांच कराई जा रही है।

## कपकोट में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता शुरू

बागेश्वर। पर्यटन विभाग की तीन दिवसीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता शुरू हो गई है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जालेख से उड़ान भरकर पायलट केदारेश्वर मैदान पहुंचेंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पैराग्लाइडर को 50 हजार रुपये की इनाम राशि मिलेगी।

# जसपुर में 150 बालिकाओं को दी गई नेम प्लेट

काशीपुर। पोषण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत घर की पहचान लाडली कार्यक्रम में 150 बालिकाओं को उनके नाम की प्लेट दी गई। साथ ही गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम भी हुए। बाल विकास परियोजना विभाग के तहत बुधवार को हीरा गार्डन में हुए कार्यक्रम का विधायक आदेश चौहान, एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, डीपीओ उदय प्रताप सिंह, सीडीपीओ इंदिरा बरगली ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 50 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 40 बच्चों का अन्नप्राशन, 50 आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को ड्रेस दी गई। अतिथियों ने महिलाओं को फल टोकरी, अन्नप्राशन, बच्चो को बर्तन, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया। साथ ही 150 बालिकाओं की नेम प्लेट घर के दरवाजे पर लगाने दी गई। कहा कि घर की पहचान बालिकाओं के नाम से हो। इससे बालिकाओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

डीपीओ ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यकत्रियों ने व्यंजन पकाए, रंगोली बनाई। संचालन अंजु रानी, निर्मलजीत ने किया।

## यात्रा मार्ग पर किये चार हेल्थ एटीएम स्थापित

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर चार हेल्थ एटीएम की स्थापना कर दी है। अवशेष एक स्थान पर शीघ्र ही हेल्थ एटीएम की स्थापना की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एचसीएच मर्तोलिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर पांच हेल्थ एटीएम की स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुप्तकाशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाटा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीकुण्ड व माधव चिकित्सालय नारायणकोटी में हैल्थ एटीएम की स्थापना कर दी गयी है।

# कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी निकाय चुनाव को तैयारः समीर आर्य

काशीपुर। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आम जनता भी निकाय चुनाव को तैयार है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने का आह्वान किया। बुधवार को मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आर्य मंडी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे। कहा कि भाजपा द्वारा 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को वृहद स्तर पर मनाया जाएगा। भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो हर व्यक्ति की विविधता से परिचित होकर उस वर्ग के महापुरुषों की जयंती मनाती है।

इसी क्रम में इस वर्ष पार्टी आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने जा रही है। इसमें जिला केंद्रों समेत मंडल और प्रत्येक बूथ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे, जहां गोष्ठियों और पुष्पाजंलि के कार्यक्रम में सीएम से लेकर कई मंत्री व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि आगामी निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत मिलेगी। प्रत्येक कार्यकर्ता एक–एक पन्ना प्रमुख से मिलकर सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का काम कर रहा है। इससे पूर्व, कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। यहां भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष हुकुम सिंह, विजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विजय सिंह, रामलाल, सोनू कुमार, नरेंद्र, प्रदीप, शिव कुमार, अरुण, मोहन दिवाकर, गुरुमुख सिंह आदि रहे।

## जिला सहकारी बैंक टिहरी ने लाभ अर्जित करने में मैदानी क्षेत्रों को बैंकों को पछाड़ा

नई टिहरी : डीसीबी टिहरी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्रदेशभर में सबसे अधिक लाभ अर्जित किया है। बैंक ने 21 करोड़ रूपये का ग्रास और 9.01 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार और उद्यमसिंह नगर जैसे जिलों को पीछे छोड़ दिया है। बैंक ने शुद्ध एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट) को 1.53 प्रतिशत पर ला दिया है। बुधवार को जिला सहकारी बैंक (डीसीबी) टिहरी की बोर्ड बैठक में बैंक के अध्यक्ष सुभाष चंद रमोला ने बताया कि टिहरी बैंक ने शुद्ध लाभ और एनपीए को नीचे लाने में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि टिहरी बैंक का शुद्ध लाभ 9.01 करोड़ रहा है। बैठक में शिक्षकों की सीसीएल को भी 25 लाख से बढ़कार 35 लाख रूपये कर दिया है, जबकि जिले की चार सहकारी समितियों को पायलट प्रोजेक्ट के तहत काश्तकारों को मुर्गी पालन के लिए स्वरोजगार देने के लिए चिन्हित किया है। जिसमें नरेंद्रनगर की आमपाटा व पोखरी, प्रतापनगर की सौंदी और रुद्रप्रयाग की उत्तरासू समिति शामिल हैं। कहा कि काश्तकारों को 1.50 लाख रूपये का ऋृण बगैर ब्याज के दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी जीरो प्रतिशत ब्याज पर काश्तकारों को पशुपालन, आजीविका संवर्धन, कृषि, उद्यानीकरण आदि कार्य के लिए ऋृण उपलब्ध कराया जाएगा।

# छेड़छाड़ के आरोपी प्राध्यापक को दोबारा कॉलेज भेजने पर नाराजगी

बागेश्वर। छेड़छाड़ के आरोपी प्राध्यापक को दोबारा बागेश्वर डिग्री कॉलेज भेजे जाने पर छात्रों ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज छात्रों ने प्राचार्य के माध्मय से उच्च शिक्षा मंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। इसमें जल्द आरोपी प्राध्यापक को यहां से हटाने की मांग की है। मांग की अनदेखी करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। अभाविप के जिला संयोजक सौरभ जोशी के नेतृत्व में छात्र प्राचार्य डॉ. एसएस धपोला से मिले। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उन्हें सौंपा। छात्रों का कहना है कि राजनीति विज्ञान विभाग के प्राचार्य पर गत वर 15 सितंबर 2022 को बीए तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने छेड़छ-ड़ का आरोप लगाया। इसके बाद प्राध्यापक को द्वाराहाट डिग्री कॉलेज में संबद्ध किया गया। बाद में उच्च शिक्षा निदेशालय भेजा गया। मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई थी। आज तक कमेटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो पाई है, लेकिन प्राध्यापक को दोबारा बागेश्वर डिग्री कॉलेज भेजा गया है। इस तरह के गंभीर आरोपी को दोबारा यहां भेजना ठीक नहीं है। उन्होंने ऐसे प्राध्यापक को अन्यत्र भेजने की मांग की है। मांग करने वालों में योगेश जोशी, प्रकाश बाछमी, धीरज कुमार, हरीश कुमार, नमिश रावत, विक्रम दानू, हरेंद्र दानू, आशीष कुमार व हिमांशु तिवारी आदि मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति अभियान के तहत हुई कार्यशाला

काशीपुर। राजकीय पॉलिटेक्निक में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को संस्थान में आयोजित काउंसलिंग सेशन एवं कार्यशाला में एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल स्थित ओएसटी केंद्र की काउंसलर नीता पंत ने छात्र–छात्राओं को समाज में युवाओं पर नशे के बढ़ते दुष्प्रभाव एवं नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी दी।

## सिविल जज रजनीश मोहन को दी विदाई

चम्पावत। टनकपुर न्यायालय के सिविल जज रजनीश मोहन के स्थांनातरण पर भावभिनी विदाई दी गई। सिविल जज ने सहयोग के लिए बार एसोसिएशन का आभार जताया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय शुक्ला व एडवोकेट विनोद प्रकाश, जेसी पांडेय और विजय कुमार यादव ने अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने सिविल जज के कार्यकाल की सराहना की। यहां सचिव कमल गड़कोटी, प्रीति सक्सेना, बृजेश कुमार, त्रिभुवन सजवान, सुरेशा चंद आदि रहे।

# महिला मोर्चा ने चलाया सफाई अभियान



पिथौरागढ़। भाजपा महिला मोर्चा ने दीनदयाल पार्क में सफाई अभियान चलाया। बुधवार को टकाना स्थित दीनदयाल पार्क में सफाई अभियान चलाकर महिलाओं ने कूडे का निस्तारण किया। जिलाध्यक्ष प्रमिला बोहरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अपने स्थापना दिवस 6 अप्रैल से डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सामाजिक न्याय सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सफाई के बाद महिलाओं ने पार्क में पौंधरोपण किया। इस दौरान स्थाई आमंत्रित सदस्य दीपिका बोहरा, भगवती पुनेठा, भारती पाण्डेय, दीपिका चुफाल, गीता पंत, मीनू बिष्ट, मीनू पुनेडा, सुमन धामी, रेनू भट्ट,दीपा राना, रजनी चंद, कविता महर मौजूद रहे।

# वाइब्रेंट योजना से बदलेगी सीमांत की तस्वीरः चुफाल



पिथौरागढ़। केंद्र सरकार के व्यास वैली के गुंजी को वाइब्रेंट गांव घोषित करने के बाद से ही चीन सीमा से सटे गांवों में विकास की गति तेज होने की उम्मीद जगी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संभावित दौरा प्रस्तावित है। अप्रैल माह में एक केंद्रीय मंत्री के भी गुंजी आने की उम्मीद है। पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक डीडीहाट बिशन चुफाल ने मंगलवार को चीन सीमा ब्यास वैली के बुदि,गर्बयांग,नप्लचु,गुंजी,नाबी में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की वाइब्रेंट गांवों के लिए सरकार के की योजना की जानकारी देते हुए जनता की समस्याएं भी सुनी। कालापानी नबीढांग पहुंचकर ओम पर्वत के दर्शन किए।धारचूला पहुंचकर बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीमांत के गांवों को वाइब्रेट योजना में शामिल करने के लिए आभार व्यक्त किया। बताया कि चीन सीमा से सटे क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं भारतमाला योजना के तहत एनएच का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। कहा कि सभी सुविधा से युक्त होने के बाद सीमांत में पलायन कम होने के साथ ही पर्यटन व्यापार भी तेजी से बढेगा जिसका लाभ क्षेत्र के लोगो के साथ ही पूरे प्रदेश को मिलेगा। उन्होंने कहा कि कहा कि ग्रामीणों के द्वारा बताई गई शिक्षा स्वास्थ्य और पेयजल संबंधित समस्याओं का भी शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

कहां की केंद्र सरकार के द्वारा सीमा के गांव को अंतिम गांव समझने वाली सोच को समाप्त करते हुए इन गांवों को पहला स्थान दिया है।

# बिजली कटौती को लेकर ईई से मिले ग्रामीण



हल्द्वानी। दमुवाढूंगा वार्ड के लोगों ने अघोषित बिजली कटौती और झूलते बिजली के तारों पर नाराजगी जताते हुए बुधवार को ऊर्जा निगम के ईई ग्रामीण डीडी पांगती से मुलाकात की। हीरानगर स्थित कार्यालय पहुंचे वार्ड 35, 36 और 37 के लोगों ने कहा कि क्षेत्र में अक्सर लो–वोल्टेज की समस्या रहती है। इसके समाधान के लिए वार्ड 37 मल्ला चौफुला और मित्र पुरम में नए ट्रांसफार्मर जरूरी हैं। वीरेंद्र बिष्ट और अल्का आर्य ने वार्ड–36 में तारों के लटकने, बिजली के खंभों की दूर अधिक होने, लो वोल्टेज होने और बिजली के उपकरण फुंकने की समस्या बताई। साथ ही विद्युत बिल केंद्र क्षेत्र में बनाने की भी मांग की। ईई ने ग्रामीणों को उनकी सभी मांगों पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रदीप शंकर, पंकज अधिकारी, अंशुमन आर्य, सुजल सचिन, मनीष आर्य, अमन कुमार, तरुण कुमार, प्रशांत रावत, रोहित पांडे, छात्र संघ उपसचिव सौरव कुमार, अमन आर्य आदि मौजूद रहे।

# 26 मई से एलएचबी कोच के साथ दौड़ेगी लखनऊ एक्सप्रेस



हल्द्वानी। काठगोदाम और लखनऊ के बीच चलने वाली लखनऊएक्सप्रेस अब 26 मई से एचएलबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच के साथ दौड़ेगी। एचएलबी कोच हल्के व आरमदायक यात्रा के लिए जाने जाते हैं। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेन्द्र सिंह ने बताया कि लखनऊ एक्सप्रेस की रेक में जनरेटर सह लगेज यान के 1, साधारण द्वितीय श्रेणी के 3, शयनयान श्रेणी के 3, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 6, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2, एलएसएलआरडी का 1 कोच समेत कुल 16 कोच स्थायी रूप से लगाए जाएंगे। बताया कि एलएचबी कोच जर्मनी की कंपनी है जिसका पूरा नाम लिंक हॉफमैन बुश है। कपूरथला में इसके कोच बनते हैं। भारतीय रेलवे इस कोच को सन् 2000 में जर्मनी से लेकर आया था। एलएचबी कोच माइल्ड स्टील से बनता है। यह वजन में हल्का और उपयोगी रहता है। सीधे शब्दों में कहें तो नीले रंग वाले डिब्बे आईसीएफ कोच होते हैं और राजधानी–शताब्दी जैसी ट्रेनों में लाल रंग के डिब्बे एलएचबी कोच होते हैं।

# महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद मल्टीनेशनल कम्पनियों के उत्पादों से बेहतर : धामी

### सीएम ने पशु सखी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ, ए हेल्प किट वितरित की



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सर्वे ऑफ इण्डिया सभागार, देहरादून में भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित ए हेल्प योजनान्तर्गत पशु सखी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 23 ए हेल्प कार्यकत्रियों को ए हेल्प किट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की रीढ़ उसकी सशक्त महिलाएं ही हैं, यदि किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है, उसे कोई रोक नहीं सकता। हमारे प्रदेश के निर्माण में महिलाओं ने अपना विशेष योगदान दिया है। एक ओर जहां प्रदेश की मातृशक्ति ने पूरे समाज को विपरीत परिस्थितियों में जीना सिखाया, जूझना सिखाया, वहीं दूसरी ओर हर परिस्थिति में जीतना भी सिखाया है। कहा कि महिलाओं के पास कौशल की कभी कोई कमी नहीं रही और अब यही कौशल उनकी और उनके परिवारों की आर्थिकी को शक्ति प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं मल्टीनेशनल कम्पनियों के उत्पादों से भी बेहतर उत्पादों का निर्माण कर रही है।पशु सखी प्रशिक्षण के पश्चात ए हेल्प कार्यकत्री पशुपालन विभाग एवं पशुपालकों के बीच संयोजक कड़ी का काम करेंगी तथा पशुपालकों को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करायेगी। ए हेल्प योजना द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को विभिन्न योजनाओं में भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। ए हेल्प कार्यकत्री, क्षेत्र के समस्त पशुधन और कुक्कुट संख्या का रिकॉर्ड भी ब्लॉक स्तर के पशु चिकित्सकों के साथ साझा करेंगी। इससे पशुपालन गतिविधियों का क्रियान्वयन आसान तो होगा ही दुग्ध उत्पादन पर भी सीधा असर पड़ेगा। इसके अलावा वे चारा उत्पादन के लिये पशुपालकों को प्रोत्साहित भी करेंगी जिससे वे चारे की पूर्ति के लिए आत्मनिर्भर बनें। प्रत्येक ए–हेल्प कार्यकत्री को फर्स्ट–एड किट भी दी जायेगी जिससे वे पशुपालकों की प्रारंभिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश और कश्मीर के बाद पशु सखी ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में मॉडल स्टेट बनाया जा सकता है। भारत सरकार की विभिन्न क्षेत्रों की योजनाओं का उत्तराखण्ड में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की अच्छी संभावनाएं हैं। यह देश के लिए हर क्षेत्र में एक मॉडल राज्य बन सकता है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भारत सरकार से अपर सचिव वर्षा जोशी, सचिव पशुपालन उत्तराखण्ड डा. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र अंथवाल व विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों व महिला मंगल दलों के सदस्य व महिलाएं मौजूद रही।

# शराब की दुकान के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन



शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन करती महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के अंतर्गत घमंडपुर में खोले जा रही शराब की दुकान के विरोध में स्थानीय महिलाओं का गुस्सा भड़क उठा। महिलाओं ने तहसील में प्रदर्शन करते हुए शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग उठाई। कहा कि आबादी क्षेत्र में शराब की दुकान बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को महिलाएं तहसील परिसर में पहुंची और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद महिलाओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए घमंडपुर में खोली जा रही शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग उठाई। कहा कि घमंडपुर क्षेत्र आबादी से घिरा हुआ है। ऐसे में यहां शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब होगा।

साथ ही दुकान के लिए चिन्हित स्थान के आसपास कई स्कूल भी है। कहा कि प्रशासन को जल्द से जल्द शराब की दुकान को अन्यत्र शिफ्ट करनी चाहिए। इस मौके पर बीना देवी, पुष्पा देवी, अर्चना देवी, मोनिका देवी, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के लिए गठित होगी समिति



उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी बैठक लेते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी ने एनआईसी कक्ष में सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के लिए नगर निगम, नगर निकाय, विकासखंड स्तर पर समिति गठित की जायेगी।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित करने के लिए जो समिति गठित की जायेगी वह प्रत्येक माह के किसी भी चार दिवसों में दुकानों, रेलवे स्टेशनों, ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों सहित अन्य स्थानों में औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी दुकान व्यवसाय के पास सिंगल यूज प्लास्टिक की सामाग्री पाई जाती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर उसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौड़ी गौरव भसीम व अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

### राशन कार्ड धारकों का भौतिक सत्यापन कराया जाए

श्रीनगर गढ़वाल : ग्राम प्रधान संगठन कीर्तिनगर के एक प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों में राशनकार्ड में पात्र एवं अपात्र कार्ड धारकों का भौतिक सत्यापन कराए जाने की मांग की। कहा कीर्तिनगर विकासखंड के अधिकांश ग्राम पंचायतों में राशन कार्डों को बनाने में घोर अनियमितताएं हुई हैं। जिसके कारण पात्र लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्राम प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि इस मामले में कई बार प्रशासन व अन्य सक्षम अधिकारियों से मांग करने के बावजूद कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।

# राइका मटियाली में धूमधाम से मनाया प्रवेशोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विकासखंड दुगड्डा के राजकीय इंटर कॉलेज मटियाली में वर्ष 2023-24 हेतु प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं सहित अभिभावकों स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बच्चीराम भारद्वाज एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्री भारद्वाज ने विद्यालय में कुशल प्रशासन, शिक्षकों द्वारा अपने विषयों का अध्यापन कार्य, विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता, कुशल अनुशासन आदि उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने सरकारी स्कूलों की पब्लिक विद्यालयों से तुलना न करने की बात पर जोर देते हुए कहा कि यदि संस्कारवान छात्र घर से भविष्य निर्माण की दृष्टि से विद्यालय में अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है तो सरकारी विद्यालयों के बच्चे बेहतर से बेहतर देने में सक्षम भी हैं और सफल भी रहे हैं। कहा कि विद्यालय का प्रत्येक सदस्य केवल शिक्षक के रूप में ही नहीं बल्कि एक अभिभावक के रूप में भी छात्र एवं अभिभावक की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिका सहित अभिभावक उपस्थित रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज मटियाली में छात्र को सम्मानित करते हुए शिक्षक।

# जनपद में जल संयोजन का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण

### निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करें



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने पेयजल निगम, जल संस्थान व संबंधित अधिकारियों को माहवार पेयजल के कार्यों को पूर्ण होने के प्लान बनाकर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। कहा कि जो कार्य प्रगति पर हैं वह कार्य तेजी से पूर्ण करें। उन्होंने अधीक्षण अभियंता पेयजल को समय-समय पर खंडवार समीक्षा करने के निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी ने पेयजल निगम पौड़ी, कोटद्वा, श्रीनगर एवं जल संस्थान पौड़ी व कोटद्वार से पूर्व में जल जीवन की समीक्षा बैठक में जल संयोजन को दिये गये लक्ष्य की जानकारी ली। जिसमें मार्च 2023 तक जनपद में जल संयोजन (एफएचटीसी) के कुल 18644 को लक्ष्य मिले, जिसके सापेक्ष विभागों द्वारा लक्ष्य से अधिक 18734 (शत प्रतिशत) जल संयोजन के कार्य को पूर्ण किया गया। जनपद में पेयजल संयोजन की कुल 2764 योजनाएं है, जिनमें से 2714 में कार्य वर्तमान में गतिमान हैं तथा शेष 50 में शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होने वाली है। जल संयोजन में विद्यालयों के 52 लक्ष्य मिले, जिसमें से 16 पूर्ण हो चुके हैं तथा आंगनबाड़ी के 86 में से 29 कार्य पूर्ण हुए हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष शेष कार्यों को समय पर पूर्ण करें।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, अधिशासी अभियंता जल संस्थान पौड़ी एसके रॉय, कोटद्वार संतोष उपाध्याय, पेयजल निगम से वीरेंद्र भट्ट, आशीष मिश्रा, अजय बेलवाल, दिशा नौटियाल सहित कनू प्रिया, एसएस भट्ट, प्रियान कुकरेती सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने बीकेटीसी को दिया प्रशिक्षण

रुद्रप्रयाग : पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे के निर्देशों पर केदारनाथ यात्रा को लेकर विभिन्न विभागों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि यात्रा में आपसी सामांजस्य बना रहे। साथ ही तीर्थयात्रियों को बेहतर दर्शन कराए जा सके। पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल द्वारा केदारनाथ धाम से संबंधित दर्शन व्यवस्थाओं का कार्य देखने वाली संस्था श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मन्दिर समिति (बीकेटीसी) के अधिकारी व कर्मचारियों को व्यवहार एवं प्राथमिक चिकित्सा उपचार, आपदा प्रबन्धन व अग्निशमन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से श्रद्धालुओं के साथ सौम्य एवं मधुर व्यवहार करने, पुलिस प्रशासन व बीकेटीसी कार्मिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने सहित कई व्यवहारिक जानकारियां दी गई। सीओ ने कहा कि देश–विदेश से आने वाले यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करें ताकि वह यहां से बेहतर संदेश लेकर लौटे। इस मौके पर पुलिस, अग्निशमन, एसडीआरएफ, बीकेटीसी आदि विभागों के कर्मचारी मौजूद थे। (एजेंसी)

# सीओ श्रीनगर की टीम ने एएसपी कोटद्वार की टीम को हराया



पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे की पहल पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्साहवर्धन एवं मनोबल बनाये रखने दृष्टिगत पुलिस लाईन में वॉलीबाल मैत्री मैच का आयोजन किया गया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस बल एक अनुसाशित बल है,जिन्हें 24 घण्टे अपनी ड्यूटी के लिये तत्पर रहना होता है, इसलिए उनका स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल एवं क्षेत्राधिकारी सर्किल श्रीनगर के नेतृत्व में 2 टीमें गठित की गयी। दोनों टीमों द्वारा खेल भावना का परिचय देते हुये वॉलीबाल मैच में प्रतिभाग किया गया। मैच में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार की टीम को क्षेत्राधिकारी श्रीनगर की टीम ने 25-21, 25-22 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। एसएसपी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। कहा कि पुलिस कार्मिकों को अपनी व्यस्त दिनचर्या में से खेल के लिए कुछ समय जरुर देना चाहिए। प्रत्येक कार्मिक को किसी न किसी खेल में अवश्य भाग लेना चाहिए।

### डीजल से भरा टैंकर पलटा, चालक घायल

नई टिहरी : देवप्रयाग से छह किमी. आगे शिवमूर्ति स्थित पुलिया के निकट डीजल से भरा टैंकर पलट गया, जिसमें टैंकर चालक पंकज पुत्र राम सिंह निवासी सहारनपुर यूपी घायल हो गया।

पुलिस ने चालक को टैंकर से बाहर निकालकर सीएचसी बागी भिजवाया।

# अंत्योदय कार्डधारकों छः माह से नहीं मिल रही चीनी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : प्रदेश सरकार अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड पर हर माह एक किलो चीनी देने के दावे कर रही है, लेकिन धरातल पर सरकार के दावे खोखले नजर आ रहे है। आलम यह है कि बीरोंखाल ब्लाक के कार्डधारकों को पिछले छः महीने से चीन नहीं मिली हैं। जिससे अंत्योदय कार्डधारकों में सरकार के प्रति रोष हैं। बीरोंखाल की सहायक खाद्य निरीक्षक शशी बाला रावत ने बताया कि बीरोंखाल में अक्तूबर से अंत्योदय कार्डधारकों की एफसीआई गोदाम रामनगर से चीनी नहीं आई हैं। बीरोंखाल की अंत्योदय कार्डधारक सावेत्री देवी, सुषमा देवी आदि ने बताया कि सरकार हर माह प्रति कार्ड पर एक किलो चीनी देती थी परंतु छः महीने से चीनी नहीं मिली हैं। कई बार सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता को पूछा गया हैं परंतु वह कह रहें हैं कि बीरोंखाल गोदाम से उन्हें चीनी नहीं मिली हैं। बीरोंखाल सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट ने बताया कि बीरोंखाल सरकारी गोदाम से डीलरों को अक्तूबर से चीनी नही मिली हैं। उधर बीरोंखाल सहायक खाद्य निरीक्षक शशी बाला रावत से संर्पक करने पर बताया कि बीरोंखाल में दो सौ साठ अंत्योदय कार्डधारक हैं। जिन्हें अक्टूबर से चीनी नहीं मिली हैं। उच्च अधिकारीयों को कई बार बता दिया हैं। पौड़ी जिलापूर्ति अधिकारी किशन सिंह कोली ने बताया कि बीरोंखाल में अंत्योदय कार्डधारकों को अक्टूबर से क्यों चीनी नही मिली हैं इसकी जानकारी सहायक खाद्य निरीक्षक से ली जा रही हैं।

### ग्रामीणों में ऊर्जा निगम के प्रति आक्रोश

नई टिहरी : देवप्रयाग–पौड़ी मार्ग स्थित पुत्तु गांव में बिजली के पोल में दौड़ रहे तेज करंट की चपेट मे आने से दो गायों की मौत हो गयी। घटना के बाद से ग्रामीणों में ऊर्जा निगम के प्रति रोष बना हुआ है। देवप्रयाग की सबधारखाल क्षेत्र की ग्राम पंचायत धमुंड के पुत्तु गांव निवासी सुरेंद्र सिंह और मकान सिंह की गायें निकट के जंगल में घास चरने गयी थी, जो अचानक लापता हो गयी। ग्राम प्रधान प्रदीप पंवार ने बताया कि तीन दिन की खोज बीन के बाद दोनों गायें, यहां 11 हजार हाईवोल्टेज लाइन के बिजली पोल के निकट बुरी तरह झुलसी हुई हालत में मिली।

# एसएसपी ने सत्यापन अभियान में ढिलाई पर थाना प्रभारियों को लगाई फटकार




एसएसपी श्वेता चौबे मासिक अपराध बैठक को संबोधित करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे ने बुधवार को मासिक अपराध बैठक ली। एसएसपी ने सत्यापन अभियान में लापरवाही पर थाना प्रभारियों को फटकार लगाते हुए बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को लेकर गम्भीरता से कार्य करने को कहा। कहा कि लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने कहा कि आगामी वैशाखी त्यौहार, अम्बेडकर दिवस एवं ईद-उल-फितर पर्व के मद्देनजर शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारियों को सम्बन्धितों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग लेने, अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य महत्वपूर्ण/संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट लगाने तथा सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल में लगातार भ्रमणशील रहकर गश्त/पिकेट व्यवस्था का निरीक्षण करें। सएसपी श्वेता चौबे ने बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त थाना प्रभारी अपने-अपने थानों में नियुक्त अधिनस्थ कर्मचारियों की प्रत्येक माह मीटिंग लेकर उनके कार्यों की समीक्षा करें। साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल समाधान करें। उन्होंने कहा कि सत्यापन अभियान में लापरवाही पर थाना प्रभारियों को फटकार लगाते हुए समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत छात्रों, श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के आगमन पर सत्यापन की कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये। एसएसपी ने चारधाम यात्रा के दृष्टिगत श्रीनगर में आवागमन एवं यातायात को सुगम बनाने, बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने व सड़कों पर खड़े अव्यवस्थित वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही पार्क किये जाने, सड़कों के किनारे फड़-फेरी एवं दुकानदारों द्वारा यात्रा रूट पर अनावश्यक रूप से दुकानों का समान लागाकर अतिक्रमण किये जाने के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर को विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। एसएसी ने कहा कि

**एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित**

एसएसपी श्वेता चौबे ने उपनिरीक्षक संजीव मंमगाई थाना थलीसैण, मुख्य आरक्षी चालक सतपाल सिंह यातायात कार्यालय कोटद्वार, आरक्षी आदित्य कुमार थाना थलीसैण, महिला आरक्षी कुसुम असवाल थाना थलीसैण, आरक्षी राकेश सिंह थाना सतपुली, फायर सर्वस चालक मौ. अरसद फायर स्टेशन कोटद्वार, आरक्षी भगत दास थाना लक्ष्मणझूला, आरक्षी हरीश सीआईयू, महिला आरक्षी विमला थाना कालागढ़, महिला आरक्षी करिश्मा थाना रिखणीखाल, आरक्षी दुष्यन्त कुमार थाना धुमाकोट, महिला आरक्षी विद्या मेहता एएचटीयू को माह मार्च में अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### निदेशक ने किया बालिका इंटर कालेज गोपेश्वर का निरीक्षण

चमोली : निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा बन्दना गबर्याल ने राजकीय बालिका इंटर कालेज गोपेश्वर का निरीक्षण किया गया। जिसमें विद्यालय की बालिकाओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य सुनीता पुरोहित ने बताया छात्राओं को विद्यालय में शिक्षण पाठ्यक्रम के साथ-साथ परम्परागत वाद्य यंत्रों को बजाने की कला भी सिखायी जा रही है। निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा ने विद्यालय में छात्राओं के लिए साप्ताहिक कार्यक्रमों की योजना का पूर्वनिर्धारण, प्रतिभा दिवस के आयोजन, प्रति सप्ताह शिक्षक, छात्राओं की बैठक, छात्रों की समस्याओं के लिए शिकायत पेटी का महत्व व निवारण को समझाया।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री जन्म 31-08-2018 को हुआ है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम भूलवश लक्ष्मी (LAXMI) अंकित हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम आकांक्षा (AKANK-SHA) है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम आकांक्षा (AKANKSHA) अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सविता देवी पत्नी विजय कुमार निवासी ग्राम नंदपुर, पटटी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

## उत्तर रेलवे

**शुद्धि पत्र**

**विषय :– 1. निविदा सूचना सं. 349-DRM-MB-22-23 दि. 29.03.2023 खुलने की तिथि 27.04.2023. 2. निविदा सूचना सं. 06-DRM-MB-23-24 दि. 05.04.2023 खुलने की तिथि 01.05.2023. 3. निविदा सूचना सं. 07-DRM-MB-23-24 दि. 05.04.2023 खुलने की तिथि 01.05.2023.** उपरोक्त निविदाएं जो मण्डल अभियन्ता–प्रथम/उ0रे0/मुरादाबाद के अधीन आमंत्रित की गयी है। उपरोक्त निविदाऔ के शैडयूल में संशौधन कर अपलोड किया गया है, संशौधित शैडयूल के प्रस्ताव पर ही विचार किया जाएगा तथा शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी तथा पूर्व निर्धारित समय पर ही खोली जायेंगी।

सं. 74/W/2/3/WA/Sr.DEN-I/Publication/23 दिनांक: 12.04.2023 1100/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# नकलचियों पर प्रतिबंध

सरकारी विभाग में सरकारी नौकरियों को लेकर जो धांधलियां और नकल प्रकरण सामने आया है उसके बाद राज्य सरकार अब काफी सतर्क हो गई है। हालांकि हाल ही के दिनों में कुछ और ऐसे प्रकरण भी सामने आए हैं जिसमें नकल कराने के प्रयास कुछ कोचिंग सेंटर द्वारा किए गए लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने परीक्षा तिथि से पूर्व ऐसी गतिविधियों को बेनकाब किया। राज्य सरकार के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा कराना काफी मुश्किल साबित हो रहा है, इसका कारण नकल माफियाओं का सुदृढ़ नेटवर्क है जिसने पिछली कई परीक्षाओं में ना केवल प्रश्नपत्र लीक किए बल्कि करोड़ों की रकम भी कमाई। वन आरक्षी भर्ती परीक्षा में भी सेंध लगाने का प्रयास किया गया था जिसमें एक कोचिंग सेंटर की भूमिका मुख्य तौर पर सामने आई है। दुर्भाग्य है की नकल के इस कारोबार में सरकारी लोगों की संलिप्तता भी सामने आई है। "घर का भेदी लंका ढाए" वाली परिस्थिति सरकार के मुंह बाए खड़ी है और इन परिस्थितियों में कैसे उम्मीद करें कि आने वाली परीक्षाएं भी निष्पक्ष गोपनीय संपन्न कराई जा सकेंगी। पैसे लेकर पर्चे प्राप्त करने वाले लोगों की सूची बनाई गई है और उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने अब तक 105 ऐसे अभ्यर्थियों पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की है। आयोग का यह कदम नकलची परीक्षार्थियों के लिए एक बड़ा सबक है साथ ही यह उन लोगों के लिए भी "अलार्म" का काम करेगा जो नकल के भरोसे सरकारी नौकरियों में बैठने के सपने संजोए हैं। 185 अन्य नकलचियों को भी नोटिस भेजे गए हैं, पूछताछ के बाद आयोग इन पर भी प्रतिबंध की कार्रवाई कर सकता है। दुर्भाग्य ही है कि एक तरफ लाखों युवक दिन रात मेहनत कर सरकारी नौकरी प्राप्त करने की कोशिश करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ मोटी रकम चुका कर नकल माफियाओं के भरोसे शासकीय सेवा प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है। यह स्थिति बेहद चिंतनीय है और राज्य सरकार ने इसी को देखते हुए "नकल अध्यादेश" को सख्ती के साथ लागू किया है। उत्तराखंड में हाल ही में आयोजित हुई विभिन्न परीक्षाओं में नकल के किस्से अभी समाप्त नहीं हुए हैं। सरकार और आयोग को इस दिशा में अभी काफी काम करना है जबकि सुरक्षा एजेंसियों के लिए ऐसे लोगों को खोज निकालना एक बड़ी चुनौती है, जो नकल के भरोसे नौकरी तो पा गए लेकिन अब तक जांच के राडार में नहीं आ पाए हैं। नौकरी प्राप्त करने का यह शॉर्टकट तरीका शासकीय सेवा की गुणवत्ता को भी प्रभावित करेगा क्योंकि पैसा देकर नौकरी करने वाला इमानदार होगा इसकी दूर दूर तक भी कल्पना नहीं की जा सकती है।

# प्रधानमंत्री मुद्रा योजनाः आजीविका के लिए ऋण समर्थन




**सौम्य कांति घोष**

भारत की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने 8 अप्रैल को आठ वर्ष पूरे किए हैं, ऐसे में हम इस ऋण समर्थन कार्यक्रम द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए परिवर्तनों पर नजर डाल सकते हैं, जिसकी परिकल्पना 2014–15 के निराशा से भरे दिनों में की गई थी, जब हमारा औपचारिक वित्तीय क्षेत्र, विशेष रूप से देश के सामाजिक–सांस्कृतिक ताने–बाने पर इसके प्रभाव को लेकर, खराब ऋणों के दौर से गुजर रहा था। पीएमएमवाई केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है, जो स्व–रोजगार को प्रोत्साहित करती है। यह योजना उन सूक्ष्म और स्वयं के प्रयासों से परिचालित उद्यमों को लक्षित करती है, जो भारत में एक जीवंत व्यापार इकोसिस्टम का निर्माण करते हैं। सूक्ष्म उद्यम ज्यादातर विनिर्माण, प्रसंस्करण, व्यापार और सेवाओं से जुड़े हैं और इनमें से कई इकाइयां एकल–स्वामित्व वाले व्यवसाय की श्रेणी में हैं।

देश की औपचारिक या संस्थागत संरचना, इन इकाइयों तक पहुंचने और उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ थी। ये इकाइयां बड़े पैमाने पर स्व–वित्तपोषित थीं या व्यक्तिगत नेटवर्क या साहूकारों पर निर्भर थीं। इस अंतर को ध्यान में रखते हुए, बैंक सुविधा से वंचित बड़े क्षेत्र और औपचारिक ऋणदाताओं के बीच आसान माध्यम बनाने के उद्देश्य से पीएमएमवाई की शुरुआत की गई थी। 2015 में शुरू की गयी पीएमएमवाई 10 लाख रुपये तक का गिरवी–मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान करती है। यह ऋण सुविधा सदस्य ऋणदाता संस्थानों (एमएलआई) द्वारा दी जाती हैः जिनमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और सूक्ष्म वित्त संस्थान (एमएफआई) शामिल हैं।

पीएमएमवाई के तत्वावधान में, सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्तपोषण संस्थान (मुद्रा) ने तीन उप–योजनाएँ तैयार कीं, जिनमें केवल ऋण धनराशि की रकम की दृष्टि से भिन्नता हैः शिशु (50,000 रुपये तक के ऋण के लिए), किशोर (50,001 रुपये से 5 लाख रुपये तक के लिए) और तरुण (500,001 रुपये से 10 लाख रुपये तक के लिए)। शिशु, किशोर और तरुण के रूप में उप–योजनाओं के ये नाम भी लाभार्थी सूक्ष्म इकाई के विकास और इसकी धन संबंधी जरूरतों के चरण को दर्शाते हैं। कोई भी व्यक्ति, जो ऋण लेने का पात्र है और उसके पास एक छोटे व्यवसाय उद्यम के लिए व्यवसाय योजना है, योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकता है।

लॉन्च होने के बाद से, इस योजना में कई बदलाव हुए हैं। उदाहरण के तौर पर, सकारात्मक आर्थिक प्रभाव को अधिकतम करने के लिए इसके लक्षित क्षेत्र का विस्तार किया गया है। प्रारंभ में, पीएमएमवाई केवल विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं के क्षेत्रों में आय सृजित करने वाले गतिविधियों को कवर करती थी। हालाँकि, 2016–17 से, कृषि से जुड़ी गतिविधियों और आजीविका को बढ़ावा देने वाली सहायक सेवाओं को भी इसके दायरे में लाया गया है; 2017–18 से, ट्रैक्टर और पावर टिलर की खरीद के लिए ऋण मंजूर किए गए हैं और 2018–19 से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए दुपहिया वाहन खरीदने के लिए ऋण को भी शामिल किया गया है।

इस योजना ने कुल ऋण–वितरण में पहले तीन वर्षों में औसतन 33त्न की वृद्धि दर्ज की। इससे पता चलता है कि इसके प्रस्ताव का लोगों ने स्वागत किया है। कोविड महामारी के प्रकोप और उसके बाद आर्थिक गतिविधियों में मंदी ने इन ऋणों की मांग को प्रभावित किया। इस चरण के दौरान, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक विशेष राहत की घोषणा की, जिसके तहत सभी ऋण देने वाली संस्थाओं को योजना के अंतर्गत सभी किस्तों के भुगतान पर छह महीने की छूट देने का प्रावधान था।

अर्थव्यवस्था के फिर से खुलने के बाद पीएमएमवाई के तहत ऋण की मांग में तेजी आई है। अधिकांश श्रेणियों में, ऋण–वितरण कोविड–पूर्व के स्तरों को पार कर गए हैं। 24 मार्च 2023 तक, योजना का संचयी ऋण–वितरण धनराशि 22.65 ट्रिलियन रुपये है। शिशु ऋण की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40त्न है, जिससे पता चलता है कि पीएमएमवाई ने बड़े पैमाने पर पहली बार के उद्यमियों को समर्थन प्रदान किया है।

पीएमएमवाई का आर्थिक प्रभाव अब अच्छी तरह से स्थापित हो चुका है। श्रम और रोजगार मंत्रालय के सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, इस योजना ने 2015 से 2018 की अवधि के दौरान 11.2 मिलियन शुद्ध अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने में मदद की थी।पीएमएमवाई का सामाजिक प्रभाव भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे तीन स्तरों पर समझा जा सकता है। योजना के प्रभाव, विशेष रूप से इन तीन स्तरों पर हैं – (1) व्यापक सामाजिक समूह (2) महिलाएं और (3) अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्य।पहले के संदर्भ में, पीएमएमवाई ने भारतीय समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया हैः सामान्य, अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) समूह और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)। हाल के दिनों में इन ऋणों का लाभ उठाने में ओबीसी और एससी की बढ़ती भागीदारी इस योजना की व्यापक पहुंच का संकेत देती है।

योजना की सबसे प्रशंसनीय उपलब्धियों में से एक है – महिला उद्यमिता को बढ़ावा। शुरुआत के बाद से इसके संचयी आंकड़ों में, महिलाओं द्वारा धारित खातों की हिस्सेदारी 69त्न है, जबकि मंजूर की गयी सूची में महिलाओं की हिस्सेदारी 45त्न है। योजना के पहले चार वर्षों में, महिला उद्यमियों के लिए ऋण–वितरण में औसतन 23त्न की वृद्धि दर्ज की गई। 2022 में, इसने 28त्न की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए अपने कोविड–पूर्व के स्तर को पार कर लिया।

समावेश के अन्य उपायों में भी पीएमएमवाई का प्रदर्शन अच्छा रहा है। यह योजना अल्पसंख्यकों की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम रही है। अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों के लिए ऋण, 2022 में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और कुल ऋण में उनकी कुल हिस्सेदारी 10त्न रही, जिसमें शिशु और किशोर ऋण का हिस्सा, कुल संचयी ऋण–वितरण का 85त्न था।

चूंकि पीएमएमवाई एक राष्ट्रीय योजना है, संतुलित आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से इसकी सभी स्थानों पर उपस्थिति एक महत्वपूर्ण विचार है। भारत की विकास नीति का एक उद्देश्य देश के फलते–फूलते पश्चिमी और पिछड़े पूर्वी भागों के बीच के अंतर को कम करना रहा है। खातों की संख्या और वितरित धनराशियों पर आधारित हर्फ़िन्डहल सघनता सूचकांक का अनुमान, राज्यों और उत्पादों के सन्दर्भ में इस योजना के महत्वपूर्ण विस्तार को दर्शाता है। यह प्रभावशाली भौगोलिक कवरेज को इंगित करता है।

उत्तर प्रदेश, ओडिशा और बिहार जैसे राज्यों को पीएमएमवाई से कई तरह के लाभ हुए हैं। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा ने भी अपने कुल हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की है (और किशोर और तरुण श्रेणियों में भी), जो लाभार्थियों के सन्दर्भ में, पूर्वी भाग की ओर प्रवाह का संकेत देती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा जैसे विकसित क्षेत्रों ने अपनी हिस्सेदारी में गिरावट देखी है, भले ही वे इस योजना में अपेक्षाकृत प्रमुख भूमिका में रहे हों।

**पीएमएमवाई का सामाजिक प्रभाव भी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे तीन स्तरों पर समझा जा सकता है। योजना के प्रभाव, विशेष रूप से इन तीन स्तरों पर हैं – (1) व्यापक सामाजिक समूह (2) महिलाएं और (3) अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्य।**

**पहले के संदर्भ में, पीएमएमवाई ने भारतीय समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया हैः सामान्य, अनुसूचित जाति/जनजाति (एससी/एसटी) समूह और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)। हाल के दिनों में इन ऋणों का लाभ उठाने में ओबीसी और एससी की बढ़ती भागीदारी इस योजना की व्यापक पहुंच का संकेत देती है।**

कुल मिलाकर, पीएमएमवाई ने, अपने संचालन के नौवें वर्ष के दौरान, सामाजिक समूहों में स्वरोजगार को बढ़ावा देकर, वाणिज्यिक–बैंक ऋण की दृष्टि से महिलाओं की भागीदारी दर को दोगुना करके और अल्पसंख्यक समूहों की भागीदारी को बढ़ावा देकर; लाभों के समान और निष्पक्ष स्थान–आधारित वितरण के अपने उद्देश्य हासिल किये हैं।आने वाले वर्षों में, यह आवश्यक है कि पीएमएमवाई 5जी तकनीक और ई–कॉमर्स के लाभों को प्राप्त करे, भले ही मुद्रा कार्ड को और अधिक लोकप्रिय किया जा रहा हो। स्व–खाता उद्यमों के पंजीकरण और औपचारिकता को प्रोत्साहित करना, इस योजना को नई ऊंचाई पर ले जाने का एक और तरीका हो सकता है।विख्यात मानवविज्ञानी ऑस्कर लुईस ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक, 'द चिल्ड्रन ऑफ सांचेजझ में तर्क दिया था कि गरीबी की संस्कृति समय के साथ खुद को कायम रखती है

# आंखों की सूजन कम करना चाहते हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे, जल्द दिखेगा फायदा



उम्र बढने और त्वचा के खराब स्वास्थ्य जैसे कई कारणों की वजह से आंखों के नीचे के क्षेत्र में सूजन की समस्या हो जाती है। हालांकि, इससे राहत पाने के लिए आपको किसी दवाई या क्रीम की जरूरत नहीं है। आप घर पर ही प्राकृतिक और घरेलू उपचार से आंखों की सूजन से छुटकारा पा सकते हैं। चलिए फिर आज इसी से जुड़े 5 घरेलू नुस्खे जानते हैं।

**टी बैग्स का इस्तेमाल करें**

टी बैग्स एक बेहतरीन हैक है, जिसे आप आंखों की सूजन कम करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। लाभ के लिए दो ग्रीन टी बैग को लगभग 5 मिनट के लिए पानी में भिगो दें। इसके बाद उन्हें करीब 20 मिनट के लिए फ्रिज में रखें और फिर उनमें से अतिरिक्त पानी निचोड़कर आंखों पर करीब 30 मिनट तक लगाएं। आप इस्तेमाल किए हुए टी बैग्स को दोबारा इन कामों में उपयोग कर सकते हैं।

**ज्यादा से ज्यादा सोने की कोशिश करें**

आप कितने घंटे सोते हैं और किस तरह से सोते है, यह दोनों ही चीजें महत्वपूर्ण हैं। अगर आप दिन में 7 घंटे से कम सोते हैं तो आंखों की सूजन होना लाजमी है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा सोने और अपनी नींद पूरी करने की कोशिश करें। इसके अलावा सोते वक्त अपने सिर को थोड़ा ऊपर उठाएं। यह आपकी निचली पलकों में अनावश्यक तरल पदार्थ के संचय को रोकता है।

**डाइट में अधिक कोलेजन युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करें**

उम्र बढने की वजह से भी आंखों के नीचे के क्षेत्र में सूजन की समस्या होने लगती है। इससे राहत पाने के लिए रोजाना अधिक कोलेजन युक्त भोजन खाएं क्योंकि यह आपके चेहरे की मांसपेशियों और ऊत्तकों को अधिक ताकत प्रदान करता है। विटामिन सी शरीर में कोलेजन उत्पादन को बढ़ाती है, इसलिए आपको नियमित रूप से नींबू, संतरा और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

**ठंडी सिकाई से भी मिलेगी राहत**

ठंडी सिकाई से जलन या सूजन कम हो जाती है क्योंकि यह प्रभावित क्षेत्र में रक्त के प्रवाह को कम कर देती है। आंखों की सूजन कम करने के लिए सिकाई एक बढ़िया घरेलू उपचार है। लाभ के लिए बर्फ के टुकड़ों को प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। आप चाहें तो फ्रिज में रखें खीरे को भी काटकर आंखों के ऊपर 20 मिनट तक रख सकते हैं।

**ठंडा दूध भी आएगा काम**

आंखों की सूजन कम करने के लिए ठंडा दूध भी मददगार साबित हो सकता है। लाभ के लिए 2 साफ कॉटन पैड लें और उन्हें ठंडे दूध में डुबो दें। इसके बाद उन्हें बाहर निकालकर उनका अतिरिक्त दूध निचोड़ लें और फिर उन्हें अपनी आंखों पर 10 मिनट के लिए रखें। अगर आप अपने दैनिक स्किन केयर रूटीन में ऐसा करेंगे तो यह आपकी आंखों के लिए बेहद फायदेमंद होगा।

# जमूरों के भरोसे चलता आभासी–संसार



पंकज शर्मा

अब राहुल हों या नरेंद्र भाई, इतना बड़ा देश है, किस–किस को फ़ॉलो करें? जिसे न करें, वही मुंह फुला लेगा। एक अनार, सौ बामारों का कैसे इलाज़ करे? इसलिए अपने अनुगामियों की तुलना में नरेंद्र भाई सिर्फ़ 0.003 प्रतिशत लोगों को और राहुल महज़ 0.001 फ़ीसदी लोगों को ही फ़ॉलो करते हैं। मैं तो मानता हूं कि इतना बड़प्पन दिखाना भी जनतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए काफ़ी है। वरना संसार के सब से बड़े लोकतंत्र का राष्ट्रपति को पूरा ठेंगा ही दिखाए बैठा है।

आप ही की तरह इतनी तो अक़्ल मुझ में भी है कि मैं समझ सकता हूं कि नरेंद्र भाई मोदी और राहुल गांधी जैसे बड़े लोग अपने आभासी–मंचों यानी सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स का संचालन ख़ुद नहीं करते हैं। इस काम के लिए वे एक टोली रखे रहते हैं। ठीक भी है। अगर ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वे स्वयं ही बैठे रहेंगे तो देश कब चलाएंगे? और, देश नहीं चलाएंगे तो देश चलेगा कैसे? सो, देश को चलाने की ख़ातिर वे आभासी–संसार में अपनी मौजूदगी बनाए रखने का ज़िम्मा दूसरों पर छोड़ देते हैं और फिर यह दूसरों की बुद्धि पर है कि वे अपने–अपने ज़िल्ले–सुब्हानी की कैसी शक़्ल दुनिया के सामने पेश करते हैं।

मगर नरेंद्र भाई हों या राहुल, अपने नाम से चलने वाली चूं–चूं मुठिया यानी ट्विटर और शक़्ल–पुस्तिका यानी फेसबुक पर परोसी जा रही सारी सामग्री के लिए तकनीकी और नैतिक तौर पर ज़िम्मेदार तो वे ख़ुद ही माने जाएंगे न! सो, अगर उन की तरफ़ से 'शीशी भरी गुलाब कीझ जैसी कोई ट्रक–टेंपो शेर–ओ–शायरी पोस्ट होती है तो लोग तो उन्हीं पर हंसेंगे। लोगों को भले ही मालूम हो कि यह नरेंद्र भाई या राहुल के दिमाग़ की नहीं, उन की टोली के किसी नन्हे–मुन्ने राही के अधकचरे मस्तिष्क की उपज है झ इतनी जवाबदेही तो मूल खातेदार की मानी ही जाएगी कि उस ने अपने बहीखातों के पन्नों पर ऐसे जमूरे बिठा क्यों रखे हैं?

ज़्यादातर बड़े लोग इसलिए बड़े हैं कि उन्हें तो ज़माना फ़ॉलो करता है, मगर वे इने–गिनों को ही अपने सामाजिक संप्रेषण मंचों पर फ़ॉलो करते हैं। मसलन, ट्विटर पर इस वक़्त सब से ज़्यादा फ़ॉलोअर एलन मस्क के हैं। वे ट्विटर के मालिक जो ठहरे! जितने चाहें फ़ॉलोअर बना लें। सो, उन के 13 करोड़ 38 लाख से ज़्यादा फ़ॉलोअर हैं। मगर वे ख़ुद सिर्फ़ 190 लोगों को फ़ॉलो करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के करीब पौने चार करोड़ फ़ॉलोअर हैं, लेकिन वे महज़ 47 को ही फ़ॉलो करते हैं। अरे, अमेरिकी राष्ट्रपति हैं भाई, कोई सड़क–चलते थोड़े ही हैं। यह अलग बात है कि उन के पूर्ववर्ती बराक ओबामा के सामने वे फ़ॉलोअर की तादाद में कहीं नहीं ठहरते हैं। ओबामा दुनिया में ट्विटर–अनुगामियों के मामले में मस्क के बाद दूसरे क्रम पर हैं। उन की गठरी में 13 करोड़ 30 लाख फ़ॉलोअर हैं, मगर वे इतने उदार भी हैं कि 5 लाख 62 हज़ार से ज़्यादा लोगों को ख़ुद भी फ़ॉलो करते हैं।

हमारे नरेंद्र भाई के पौने नौ करोड़ से ज़्यादा फ़ॉलोअर हैं। वे ढाई हज़ार से कुछ ज़्यादा लोगों को फ़ॉलो भी करते हैं। हाथ धो कर जिन राहुल गांधी के वे पीछे पड़े हैं, उन राहुल के ट्विटर–अनुगामियों की संख्या 2 करोड़ 32 लाख है, मगर राहुल ख़ुद सिर्फ़ 269 को ही फ़ॉलो करते हैं। नरेंद्र भाई अब तक 38 हज़ार से ज़्यादा ट्वीट कर चुके हैं। राहुल ने पौने 7 हज़ार के आसपास ट्वीट किए हैं। राहुल ने ट्विटर पर अपना खाता अप्रैल 2015 में खोला था और नरेंद्र भाई ने जनवरी 2009 में। इस हिसाब से राहुल औसतन सवा दो ट्वीट हर रोज़ करते हैं और नरेंद्र भाई सवा 7 ट्वीट हर रोज़।

राहुल और नरेंद्र भाई दोनों अपने–अपने ट्विटर पर ऐसे–ऐसों को फ़ॉलो करते हैं कि आप दंग रह जाएं। दोनों की ही सूची में ऐसे–ऐसे शामिल नहीं हैं कि आप देख कर चकित रह जाएं। मैं नहीं कहता कि वे जिन के अनुगामी हैं, उन के नाम देख कर या वे जिन के अनुगामी नहीं हैं, उन्हें सूची में अनुपस्थिति देख कर नरेंद्र भाई या राहुल के बारे में कोई राय बनाई जानी चाहिए। क्योंकि दोनों को इस संदेह का लाभ मिलना चाहिए कि वे ट्विटर पर किस का अनुगमन करेंगे और किस का नहीं झ यह भी उन की तरफ़ से उन की लिपिक–टोली ने तय कर दिया होगा। लेकिन फिर भी व्यवस्था के मानस को समझने के लिए यह जानना दिलचस्प तो है ही कि वे किन्हें फ़ॉलो करते हैं। तो आप को यह जान कर हैरत हो सकती है कि राहुल गांधी देश भर के जिन महज़ छह बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को फ़ॉलो करते हैं, वे हैं –मृणाल पांडे, राघव बहल, पी, साईंनाथ, सायमा, नंदन नीलकेनी और कौशिक बसु। अगर आप सोचते हैं कि नरेंद्र भाई के ख़िलाफ़ झंडा बुलंद किए घूम रहे लेखकों, पत्रकारों, टीवीकर्मियों और यूट्यूब–सूत्रधारों को तो राहुल ज़रूर फ़ॉलो करते होंगे तो चाहें तो अपने एकदम ग़लत होने पर विलाप कर लें! लेकिन नरेंद्र भाई हैं कि राहुल के रोम–रोम का विश्लेषण करने वाला शायद ही कोई ऐसा कलाकार–पत्रकार होगा, जिसे वे ट्विटर पर फ़ॉलो नहीं करते हैं। मैं अनुपम खेर, शेखर कपूर और विवेक अग्निहोत्री की ही नहीं, सुधीर चौधरी, रूबिका लियाकत, सुशांत सिन्हा, गौरव आर्य और सुमित अवस्थी से ले कर, और–तो–और, अमन चोपड़ा तक की भी बात कर रहा हूं। बस, गिनते चले जाइए।

कांग्रेस के जिन 'दिग्गजोंझ को राहुल फ़ॉलो करते हैं, उन के नाम मैं आप को क्या बताऊं? लेकिन यह मैं आप को ज़रूर बताना चाहता हूं कि दिल्ली के सिर्फ़ तीन कांग्रेसियों को वे फ़ॉलो करते हैं झ अजय माकन, अनिल चौधरी और अमृता धवन। उन की सूची में जयप्रकाश अग्रवाल, सुभाष चोपड़ा, हारून यूसुफ़, संदीप दीक्षित, रागिनी नायक, अलका लांबा, अरविंदर सिंह लवली, वग़ैरह कोई नहीं है। इसी तरह मध्यप्रदेश में अरुण यादव तो राहुल की सूची में हैं, मगर सुरेश पचौरी और अजय सिंह राहुल नहीं। कांग्रेस–अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के चार में से दो कार्यालयीन समन्वयकों को राहुल फ़ॉलो करते हैं, मगर बाकी दो को नहीं। मैं ऐसी बहुत–सी अजीबोगरीब विरोधाभासी मिसालें दे सकता हूं, मगर आप कहेंगे कि मैं बाल की खाल निकाल रहा हूं, सो, यहीं रुक जाता हूं। अब राहुल हों या नरेंद्र भाई, इतना बड़ा देश है, किस–किस को फ़ॉलो करें? जिसे न करें, वही मुंह फुला लेगा। एक अनार, सौ बामारों का कैसे इलाज़ करे? इसलिए अपने अनुगामियों की तुलना में नरेंद्र भाई सिर्फ़ 0.003 प्रतिशत लोगों को और राहुल महज़ 0.001 फ़ीसदी लोगों को ही फ़ॉलो करते हैं। मैं तो मानता हूं कि इतना बड़प्पन दिखाना भी जनतंत्र को मज़बूत बनाने के लिए काफ़ी है। वरना संसार के सब से बड़े लोकतंत्र का राष्ट्रपति को पूरा ठेंगा ही दिखाए बैठा है। अमेरिका में तो किसी ने नहीं पूछा कि वह ऐसा क्यों कर रहा है? यहां कम–से–कम मैं यह सवाल तो कर रहा हूं कि अगर अपने ट्विटर–मंच को संतुलित बनाने के लिए थोड़े ज़्यादा दरवाज़ों पर दस्तक दे दोगे तो आप का कुछ बिगड़ जाएगा क्या?

लेकिन राहुल को ही क्यों कुछ कहूं? राहुल कम–से–कम 269 को तो फ़ॉलो करते हैं, कांग्रेस अध्यक्ष खडग़े तो सिर्फ़ 86 पर ही रुके हुए हैं। मीडिया–संप्रेषण की भारी–भरकम और सब से अहम ज़िम्मेदारी निभा रहे प्रभारी महासचिव जयराम रमेश तो 72 पर ही लटके हुए हैं। पार्टी–संगठन के प्रभारी महासचिव के. सी. वेणुगोपाल 150 से आगे नहीं बढ़ रहे। इन तीनों से ज़्यादा केंद्रीय भूमिका तो कांग्रेस में इस वक़्त राहुल की भी नहीं है। सो, जब खडग़े, जयराम और वेणुगोपाल मेरे सामने हैं तो मैं राहुल की उदारता का अभिनंदन क्यों न करूं? भांग जब पूरे कुंए में पड़ी हो तो मैं किसे त्रैलोक्यविजया–प्रेमी कहूं, किसे नहीं?

# विपक्षी पार्टियों के दो खेमे

कांग्रेस पार्टी के नेता विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश में लगे हैं लेकिन विपक्षी पार्टियों के बीच आपसी अविश्वास की वजह से बात आगे नहीं बढ़ रही है। विपक्षी पार्टियां दो खेमों में बंट गई हैं। एक खेमा उन पार्टियों का है, जो हार्डकोर भाजपा विरोधी हैं और कभी भाजपा के साथ नहीं रही हैं। दूसरा खेमा उन विपक्षी पार्टियों का है, जो पहले भाजपा के साथ रही हैं। भाजपा के साथ रही पार्टियों के भी दो खेमे हैं। एक ऐसी पार्टियां हैं, जिनकी राजनीतिक विचारधारा और सामाजिक समीकरण एक जैसा है और दूसरी पार्टियां ऐसी हैं, जिनका जमीनी स्तर पर भाजपा के साथ वोट की लड़ाई है और जिनका साथ आना मुश्किल है। इस तरह विपक्षी पार्टियों के तीन खेमे हो गए। एक हार्डकोर भाजपा विरोधी, दूसरे प्रदेश की राजनीति में भाजपा की चुनौती से विरोधी हुई पार्टियां और तीसरी निजी खुन्नस में भाजपा से अलग होने वाली ऐसी पार्टियां, जिनको फिर भाजपा के साथ जाने में दिक्कत नहीं है।

ऐसी तीन पार्टियों के नेताओं से मल्लिकार्जुन खडग़े ने बात की है। बिहार में नीतीश कुमार का भाजपा से अलग होना कोई वैचारिक मामला नहीं है। वे पहले भी भाजपा से अलग हुए थे और फिर उसके साथ चले गए थे। आगे भी वे भाजपा के साथ जा सकते हैं। इसी तरह उद्धव ठाकरे का मामला भी है। वे भी निजी खुन्नस में भाजपा से अलग हुए। उनकी विचारधारा पूरी तरह से भाजपा वाली है। डीएमके की विचारधारा का टकराव है लेकिन जमीनी राजनीति में भाजपा से कोई लड़ाई नहीं है। इन तीन पार्टियों के अलावा नेशनल कांफ्रेंस, अकाली दल, इंडियन नेशनल लोकदल, टीडीपी आदि ऐसी पार्टियां हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि ये भाजपा के साथ जा सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले भाजपा के साथ रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर वोट की राजनीति ऐसी है कि ये दोनों भाजपा के साथ नहीं जा सकते हैं। एक हार्डकोर विरोधियों का खेमा है, जिसमें राष्ट्रीय जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, आम आदमी पार्टी, सीपीएम, सीपीआई, मुस्लिम लीग आदि पार्टियां हैं।

**भाजपा के साथ रही पार्टियों के भी दो खेमे हैं। एक ऐसी पार्टियां हैं, जिनकी राजनीतिक विचारधारा और सामाजिक समीकरण एक जैसा है और दूसरी पार्टियां ऐसी हैं, जिनका जमीनी स्तर पर भाजपा के साथ वोट की लड़ाई है और जिनका साथ आना मुश्किल है। इस तरह विपक्षी पार्टियों के तीन खेमे हो गए। एक हार्डकोर भाजपा विरोधी, दूसरे प्रदेश की राजनीति में भाजपा की चुनौती से विरोधी हुई पार्टियां और तीसरी निजी खुन्नस में भाजपा से अलग होने वाली ऐसी पार्टियां, जिनको फिर भाजपा के साथ जाने में दिक्कत नहीं है।**

## ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिर में अभिषेक समारोह में हजारों लोग शामिल हुए

**मेलबोर्न , एजेंसी**। सिडनी से लगभग 55 किलोमीटर दक्षिण में हेलेंसबर्ग में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में अभिषेक समारोह में भाग लेने के लिए दुनिया भर से हजारों श्रद्धालु एकत्रित हुए। हर दो दशकों में एक बार आयोजित होने वाले महाकुंभाभिषेकम, मंदिर के जीर्णोद्धार और विस्तार को चिह्नित करते हुए, 20,000 से अधिक हिंदुओं द्वारा देखा गया, जिसमें सिंगापुर, मलेशिया और मॉरीशस के 15 पुजारी और विजिटर्स शामिल थे। आयोजन के दौरान पवित्र आग जलाई गई, जो 10 अप्रैल को समाप्त हुई जिसमें पुजारी मंदिर की छत पर चढ़कर पवित्र जल को सुनहरे बर्तनों में डालते हैं। मंदिर के निदेशक सुब्रह अय्यर ने बताया, इसका महत्व न केवल मंदिर और देवताओं को बल्कि समारोह देखने वाले भक्तों को भी शुद्ध करता है। समुद्र तल से 400 फीट ऊपर एक पहाड़ी क्षेत्र की चोटी पर बने मंदिर का 3 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जीर्णोद्धार पिछले साल जून में शुरू हुआ था। मंदिर में रहने वाले पत्थर के देवताओं के निर्माण और मरम्मत के लिए भारत से दस राजमिस्त्री और चित्रकारों को लाया गया था। मंदिर 1985 से कार्य कर रहा है और ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले हिंदुओं के लिए एक पवित्र स्थान रहा है।

## निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने कोर्ट में किया सरेंडर, तीसरी बार गईं जेल

**रांची (एजेंसी)**। मनरेगा एवं माइनिंग घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने अदालत से मिली अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। यह तीसरी बार है, जब वह इस मामले में जेल भेजी गई हैं। सिंघल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसपर कल यानी गुरुवार को सुनवाई होनी है। फरवरी 2023 में उनकी बेटी के मेडिकल ग्राउंड पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। इसके पहले भी बीते 4 जनवरी को कोर्ट ने इसी आधार पर उन्हें सशर्त जमानत प्रदान की थी। इस दौरान उन्हें झारखंड से बाहर रहने का निर्देश दिया गया था। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले में पूजा सिंघल पर पीएमएलए कोर्ट में बीते दिनों आरोप तय कर दिए गए हैं और उनके खिलाफ ट्रायल की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ईडी की ओर से पूजा सिंघल समेत अन्य के खिलाफ दाखिल की गई गई चार्जशीट में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू में डीसी रहते हुए उनके खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक आए थे।

## भारत में कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या 40,000 के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत में बुधवार को बीते 24 घंटे में कोविड–19 के 7,830 नए मामले सामने आए जिससे देश में कुल मामलों की संख्या 40,215 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के मुताबिक, डेली और वीकली पॉजिटिविटी रेट वर्तमान में क्रमशः 3.65 प्रतिशत और 3.83 प्रतिशत है।

वहीं, इसी अवधि में महामारी से 4,692 मरीज ठीक भी हुए हैं। जिससे कोविड से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 4,42,04,771 हो गई।

इसके अलावा, इसी अवधि में, 2,14,242 टेस्ट किए गए, जिससे कुल संख्या बढ़कर 92.32 करोड़ हो गई। साथ ही पिछले 24 घंटे में 441 डोज दी गई। देश में अब तक 220.66 करोड़ वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है।सक्रिय मामले 0.09 प्रतिशत और रिकवरी दर 98.72 प्रतिशत है।

# भाजपा को मिली विपक्षी एकता की कवायदों की काट!

नई दिल्ली, एजेंसी। अगले साल यानी 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले भाजपा को रोकने के लिए तमाम विपक्षी दल जहां एक साथ आने की कवायद में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में इतिहास रचने के लिए नई रणनीति तैयार कर ली है। अपनी भविष्य की रणनीति के क्रम में भाजपा केवल सवर्णों ही नहीं, बल्कि पिछड़ों और दलितों के साथ ही मुस्लिम समुदाय को अपने पाले में लाने की कोशिशों में लगी है। मुसलमानों में भी भाजपा का फोकस पसमांदा मुस्लिमों पर है। खुद पीएम मोदी भी पसमांदा मुसलमानों के बीच पार्टी की पैठ बढ़ाने पर जोर दे चुके हैं। हाल ही में भाजपा ने कई ऐसे काम किए हैं जो उसकी इस मंशा को साफ उजागर करते हैं। हम आपको बताएंगे कि देश में किन राज्यों में सबसे ज्यादा पसमांदा मुसलमान हैं और पसमांदा में कितनी जातियां शामिल हैं और इनके साथ आने से भाजपा को कितना फायदा होगा...

भारत में रहने वाले मुसलमानों में 15 फीसदी उच्च वर्ग के माने जाते हैं। जिन्हें अशरफ कहते हैं। इनके अलावा बाकि 85 फीसदी अरजाल, अजलाफ मुस्लिम पिछड़े हैं। इन्हें पसमांदा कहा जाता है। आंकड़े बताते हैं कि पसमांदा मुसलमानों की हालत समाज में बहुत अच्छी नहीं है। ऐसे मुसलमान आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक हर तरह से पिछड़े और दबे हुए हैं।



मुस्लिम समाज के पिछड़े वर्ग की सूची में 52 जातियां हैं जिन्हें पसमांदा मुसलमान कहा जाता है। इनमें भटियारा, मोची, मनिहार, पैमदी, गुर्जर, राजगीर, गद्दी, मेवाली, रंगरेज, भड़भूजा, नालबंद, सिकलीगर, धोबी, शाह, फकीर, हम्माल, कसाई, राईन, गोली, सैफी, जुलाहा व शीशगर जातियां प्रमुख हैं।

भारत की बात करें तो पसमांदा समाज के लोग 18 राज्यों में सर्वाधिक हैं। इनमें यूपी, बिहार, राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक, मध्य प्रदेश जैसे राज्य शामिल हैं। पश्चिमी यूपी में इनकी आर्थिक स्थिति पूर्वांचल के मुसलमानों से बेहतर है। हर जगह इनकी मौजूदगी जीत–हार का समीकरण बदलने की ताकत रखती है।

आंकड़ों के लिहाज से चुनावों में भाजपा को सबसे कम वोट मुस्लिमों के ही मिलते हैं। भाजपा इस स्थिति को ही बदलना चाहती है। इन आंकड़ों को बदलने के लिए ही पीएम मोदी ने जनवरी में हुई भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में साफ कहा था कि भाजपा नेताओं को पसमंदा और बोहरा मुस्लिमों के बीच अपनी पहुंच बढ़ाने की जरूरत है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि 'भारत में जिस तरह से हिंदुओं में अलग–अलग जातियों का असर है, वैसा ही मुसलमानों में भी है। हिंदुओं में तो जाति के आधार पर वोट बंट जाते हैं, लेकिन मुसलमानों में सब एकजुट होकर किसी भी दल को वोट कर देते हैं। यूपी में सपा और बसपा, बिहार में आरजेडी और जेडीयू, पश्चिम बंगाल में टीएमसी, महाराष्ट्र में एनसीपी के खाते में मुसलमान वोट पड़ते हैं। इसी तरह दक्षिण भारत में भी भाजपा के खिलाफ मजबूती से खड़ी होने वाली पार्टी को मुसलमानों का वोट जाता है।'

### क्या पसमांदा मुसलमान कराएंगे सत्ता में वापसी?

लोकसभा चुनावों से पहले, भाजपा 'पसमांदा' मुस्लिमों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए काम कर रही है। ऐसे में हाल ही में उत्तर प्रदेश विधान परिषद में शिक्षाविद तारिक मंसूर के नामांकन से पार्टी को समुदाय और मुस्लिम पेशेवरों के साथ जुड़ने में मदद मिल सकती है। दरअसल, तारिक मंसूर पसमांदा समुदाय से आते हैं।

गौरतलब है कि देश की कुल मुस्लिम आबादी के 80 फीसदी पसमांदा मुसलमान हैं, ऐसे में भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा इनको अपने पाले में लाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ हीऐसे कार्यक्रमों में भाजपा तेजी ला सकती है। भाजपा नेताओं ने अभी से ऐसी सीटों की पहचान करना भी शुरू कर दिया है, जहां पसमांदा मुस्लिम बड़े वोटबैंक हैं।

देश की मुस्लिम आबादी के 85 फीसदी मुस्लिम शिक्षा सहित आर्थिक और सामाजिक पैमानों में हर स्तर पर पिछड़े हैं। वहीं, बाकि के 15 फीसदी मुस्लिम बेहतर स्थिति में हैं। अब भाजपा ने आर्थिक तौर पर पिछड़े मुसलमानों को टारगेट किया है। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाओं में भी इन वर्ग का खासा ध्यान रखा गया है। जिनसे निम्न तबके के मुसलमानों को काफी फायदा मिला है। ऐसे में इस तबके के भाजपा के साथ आने से भगवा पार्टी को आगामी लोकसभा चुनावों में काफी फायदा मिलेगा।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ईस्टर पर राष्ट्रीय राजधानी में एक चर्च में पहुंचे थे। भाजपा ने इस बहाने ईसाइयों को जोड़ने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाया है। पीएम मोदी के चर्च पहुंचने पर पादरियों द्वारा उनका स्वागत किया गया था। यहां वे प्रार्थना में भी शामिल हुए थे। उनके चर्च आगमन को लेकर पादरी फ्रांसिस स्वामीनाथन ने कहा था कि ऐसा पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री चर्च का दौरा कर रहा है। भाजपा ने इस दौरे के वीडियो को सोशल मीडिया के जरिए खूब शेयर किया है। इसके जरिए उन्होंने संदेश देने की कोशिश की है कि भाजपा की सरकार में हर धर्म के लोगों को तरजीह दी जाती है।

## मुश्किलों में घिरे तेजस्वी यादव, लैंड फॉर जॉब केस में ईडी ने बनाया आरोपी, मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज

**पटना (एजेंसी)**। जमीन के बदले नौकरी घोटाले में उलझे लालू यादव के परिवार की मुश्किलें कम नहीं हो रही है। लालू यादव के बेटे व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मंगलवार को इडी की नयी दिल्ली स्थित दफ्तर में हाजिर हुए। ईडी के अधिकारियों ने नौ घंटे से भी अधिक समय तक तेजस्वी यादव से पूछताछ की। इस दौरान उनसे आमदनी और परिवार की संपत्ति से जुड़े सवाल पूछे गए।

बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सीबीआई की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अलग से मामला दर्ज किया। इसमें तेजस्वी यादव को आरोपी बनाया गया।

रेलवे में कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले में सीबीआई की दर्ज एफआईआर में तेजस्वी यादव पहले से आरोपी हैं। बीते 25 मार्च को सीबीआई ने भी उनसे करीब 8 घंटे तक पूछताछ की थी। हालांकि, सीबीआई द्वारा कोर्ट में दी गई चार्जशीट में तेजस्वी का नाम नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसी इसी महीने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने वाली है, जिसमें तेजस्वी को भी आरोपी बनाया जा सकता है।दूसरी ओर, ईडी ने भी तेजस्वी यादव पर पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी बनाकर जांच की जा रही है।

## यूपी : नाबालिग के अपहरण के आरोपी ने थाने में खुद को किया घायल

**कानपुर (एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश के कानपुर में 15 वर्षीय लड़की के अपहरण के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति ने थाने में स्टील के मग के किनारे से खुद को घायल कर लिया। घटना का पता तब चला, जब पुलिसकर्मियों ने देखा कि आरोपी के गले से काफी खून बह रहा है और वह दर्द से कराह रहा है। पुलिस ने उसे हवासपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उसे कानपुर के लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि मंगलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानपुर देहात के टिकुरिया टोला चौराहे के आलोक गुप्ता ने 27 मार्च को एक 15 वर्षीय लड़की का कथित रूप से अपहरण कर लिया था।

## राजस्थान को मिली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस, पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान को अजमेर–दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात दी है। इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरती को आज पहली वंदे भारत ट्रेन मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को राजस्थान की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली कैंट–अजमेर वंदे भारत एक्सप्रेस से जयपुर और दिल्ली के बीच आना–जाना और आसान हो जाएगा। यह ट्रेन राजस्थान की टूरिज्म इंडस्ट्री को भी मदद करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कहा, 'मुझे खुशी है कि वंदे भारत ट्रेन आज विकास, आधुनिकता, आत्मनिर्भरता और स्थिरता का पर्याय बन चुकी है। आज की वंदे भारत की यात्रा कल हमें विकसित भारत की यात्रा की ओर ले जाएगी।ः उन्होंने कहा कि वंदे भारत एक सेमी हाई स्पीड ट्रेन है, जो मेड इन इंडिया है। वंदे भारत पहली ऐसी ट्रेन है जो इतनी कंपैक्ट और एफिशिएंट है। वंदे भारत पहली ट्रेन है, जो स्वदेशी सेफ्टी सिस्टम कवच के अनुकूल है।

पीएम मोदी ने इसके साथ ही कहा कि जब से ये आधुनिक ट्रेनें (वंदे भारत) शुरू हुई हैं, तब से करीब करीब 60 लाख लोग इन ट्रेनों में सफर कर चुके हैं। तेज रफ़्तार वंदे भारत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये लोगों का समय बचा रही है। तेज रफ़्तार से लेकर खूबसूरत डिजाइन तकज् वंदे भारत ट्रेन तमाम खूबियों से संपन्न है। इन्हीं सब खूबियों को देखते हुए आज देश में वंदे भारत ट्रेन का गौरवगान हो रहा है।ः

इसके साथ उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले ट्रेनों को राजनीति का अखाड़ा बनाया गया। पीएम मोदी ने कहा, 'आजादी के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण पर हमेशा राजनीतिक स्वार्थ हावी रहा। राजनीतिक स्वार्थ को देख कर ही तय किया जाता था कि कौन रेल मंत्री बनेगा, राजनीतिक स्वार्थ ने ही ऐसी–ऐसी ट्रेनों की घोषणा करवाई जो कभी चली ही नहीं। हालत यह थी कि गरीब की जमीन छीन कर उन्हें रेलवे में नौकरी का झांसा दिया गया। रेलवे की सुरक्षाज् स्वच्छता सबकुछ को नजरअंदाज कर दिया गया था। इन सारी व्यवस्थाओं में बदलाव वर्ष 2014 के बाद आना शुरू हुआ।ः

इस दौरान प्रधानमंत्री ने राजस्थान को लेकर उनकी सरकार में चलाए गए कामों का जिक्र करते हुए कहा, 'शूरवीरों की धरती राजस्थान को आज हमारी सरकार नई संभावनाओं और अवसरों की धरती बना रही है।

## ब्रिटेन के पाकिस्तानियों ने सुएला ब्रेवरमैन से माफी की मांग की

लंदन , एजेंसी। ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन की पाकिस्तानी पुरुषों पर नस्लवादी, अस्वीकार्य और भड़काऊटिप्पणी के खिलाफ यहां रह रहे अनेक पाकिस्तानियों ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को पत्र लिखकर शिकायत की है। डॉकटर, स्वास्थ्य कर्मचारी, उद्यमी, कई कंपनियों के सीईओ तथा संस्थापकों ने विभिन्न एसोसिएशन तथा अनेक लोगों द्वारा हस्ताक्षरित कई पत्र सुनक को भेजे हैं जिनमें सुएला ब्रेवरमैन से माफी की मांग की है।

ब्रेवरमैन पिछले सप्ताह ब्रिटिश–पाकिस्तानी पुरुषों के सांस्कृतिक मूल्य ब्रितानी सांस्कृतिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत होने की बात कहकर आलोचनाओं का शिकार हो गईं।

उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पाकिस्तानी पुरुष महिलाओं को नीच और नाजायज के तौर पर देखते हैं, और हमारे व्यवहार के प्रति पुराना तथा जघन्य दृष्टिकोण रखते हैं।

कार्यक्रम के होस्ट ने होम मिनिस्टर की इस टिप्पणी को रेखांकित किया कि कमजोर अंग्रेज लड़कियां ब्रिटिश पाकिस्तानियों के ग्रूमिंग गैंग का निशाना बन रही हैं और लोग राजनीतिक कारणों से इसकी अनदेखी कर रहे हैं।

उनकी इस टिप्पणी का सोशल मीडिया पर जोरदार विरोध हुआ। पाकिस्तानी और गैर–पाकिस्तानी मूल के लोगों ने भेदभाव और एक गंभीर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने के लिए उनकी आलोचना की।स्वास्थ्य कर्मियों ने एक पत्र में लिखा, गृह मंत्री के लिए भड़काऊ और विभाजनकारी बयानबाजी का उपयोग अस्वीकार्य है जो सनसनीखेज है और अपने ही विभाग के साक्ष्यों के उलट है।

इन जघन्य अपराधों पर प्रभावशाली कार्रवाई करने की बजाय राजनीतिक प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करके उन्हें जारी रहने देते हैं। एक विशेष जातीय समूह को इंगित करने की बजाय पूरे सिस्टम की प्रतिक्रिया की आवश्यकता है।

ब्रिटिश पाकिस्तान फाउंडेशन ने भी प्रधानमंत्री को एक खुला पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है, हम आपको होम सेक्रेटरी की हालिया टिप्पणियों पर अपनी गहरी चिंता और निराशा साझा करने के लिए लिख रहे हैं। आप उनके खिलाफ नहीं बोल रहे हैं। इन टिप्पणियों ने तथाकथित ग्रूमिंग गैंग और सांस्कृतिक मूल्य ब्रितानी सांस्कृतिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत होने की बात कही गई है।ब्रेवरमैन की आलोचना में मुस्लिम संघ ने भी 10 डाउनिंग स्ट्रीट को एक पत्र लिखा है।

## भीषण गर्मी और हीटवेव की चेतावनी, 10वीं तक के सभी स्कूलों में छुट्टियों का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भीषण गर्मी के कारण ओडिशा के स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र बंद कर दिए गए हैं। ओडिशा सरकार ने नए आदेश जारी किए हैं कि राज्य के सभी स्कूल, चाहे वे प्राइवेट हों या सरकारी, 10वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए 16 अप्रैल, तक बंद रहेंगे। नए आदेश में राज्य सरकार ने कहा है कि आज से सभी आंगनवाड़ी केंद्र भी बंद रहेंगे।11 अप्रैल 2023 को, राज्य सरकार ने कहा था कि गर्मी की लहर के कारण कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए स्कूल की टाइमिंग में संशोधन किया गया है।

## दोस्त–दुश्मन की पहचान में नाकाम, अपना ही हेलिकॉप्टर गिराने वाले ग्रुप कैप्टन की बर्खास्तगी के आदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारतीय वायुसेना ने बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान श्रीनगर में अपने ही एक एमआई–17 हेलिकॉप्टर पर मिसाइल दागने के आरोप में श्रीनगर वायु सेना स्टेशन के तत्कालीन सीओओ ग्रुप कैप्टन सुमन रॉय चौधरी को बर्खास्त करने का आदेश दिया है।

बता दें कि ये मामला आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के पाकिस्तान स्थित ठिकाने बालाकोट में इंडियन एयरफोर्स के एयरस्ट्राइक के एक दिन बाद का है। 27 फरवरी 2019 को हुई इस घटना में इंडियन एयरफोर्स के रूद्र–17 ङ्क5 हेलिकॉप्टर को एक मिसाइल से निशाना बनाया गया था।ये घटना 27 फरवरी की है। इससे पहले 26 फरवरी को इंडियन एयरफोर्स के मिराज विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर आतंकी संगठन जैश–ए–मोहम्मद के अड्डे को नेस्तानाबूद कर दिया था।

## उमेश पाल हत्याकांड में अतीक से होगी पूछताछ

**प्रयागराज (एजेंसी)**। उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए प्रयागराज पुलिस की 37 सदस्यीय टीम गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद को लेकर बुधवार दोपहर प्रयागराज पहुंचेगी। अतीक को लेकर चार वाहनों का काफिला मंगलवार को अहमदाबाद के साबरमती जेल से रवाना हुआ।

अतीक को प्रासंगिक वारंट के तहत प्रयागराज लाने और नैनी सेंट्रल जेल में रखने के बाद पुलिस एक स्थानीय अदालत से उसकी हिरासत के लिए आवेदन कर सकती है।

दो सप्ताह के भीतर यह दूसरी बार है जब अतीक को साबरमती जेल से प्रयागराज लाया जा रहा है।इससे पहले प्रयागराज पुलिस की 22 सदस्यीय टीम उसे एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश करने के लिए 27 मार्च को शहर लाई थी।उमेश पाल अपहरण मामले में 28 मार्च को अदालत ने अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 में निर्देश दिया था कि अतीक अहमद को गुजरात की उच्च सुरक्षा वाली साबरमती जेल में शिफ्ट कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि उस पर एक रियल एस्टेट व्यवसायी मोहित जायसवाल के अपहरण और हमले का आरोप लगा है।

अतीक अहमद पर उमेश पाल हत्याकांड समेत 103 आपराधिक मामले चल रहे हैं।

पुलिस ने कहा कि ताजा एफआईआर में अतीक अहमद, उनके बेटे अली अहमद और अतीक के चचेरे भाई असलम मंत्री समेत 10 अन्य लोगों के खिलाफ एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने, मारपीट करने और एक व्यक्ति को धमकाने का मामला दर्ज किया गया है।

गैंगस्टर से राजनेता बने के खिलाफ दर्ज यह 103वां आपराधिक मामला है।

## भारतीय नौसेना ने नौसेना उड्डयन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**। कोलकाता में भारतीय नौसेना ने नौसेना उड्डयन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम के दौरान, भारतीय नौसेना ने उड्डयन उद्योगों के साथ सहयोग करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएं की। इसके अलावा, नौसेना ने नौसेना उड्डयन उद्योग के लिए तकनीकी अभियांत्रिकी और उपकरणों की विकसित और उत्पादन की संभावनाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। इस कार्यक्रम में उड्डयन उद्योग उद्यमियों और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। नौसेना विमान–उद्योग आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ, पूर्वी क्षेत्र, सीआईआई (ईआर) के सहयोग से किया गया था। यह कार्यक्रम एचक्यूईएनसी के तत्वावधान में नौसेना संपर्क प्रकोष्ठ, बैरकपुर द्वारा आयोजित किया गया था।

## नहीं रहे देश के सबसे उम्रदराज अरबपति केशब महिंद्रा, 99 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत के सबसे उम्रदराज अरबपति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के एमेरिटस चेयरमैन केशब महिंद्रा का आज यानि बुधवार 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इन्सपासी के अध्यक्ष पवन के गोयनका ने अपने ट्विटर हैंडल पर इसकी जानकारी दी है। हाल ही में जारी फोर्ब्स की 2023 की बिलेनियर्स लिस्ट में उन्हें भारत के 16 नए अरबपतियों में शामिल किया गया था। वे अपने पीछे 1.2 अरब डॉलर की संपत्ति छोड़ गए हैं। उन्होंने 48 वर्षों तक महिंद्रा ग्रुप का नेतृत्व करने के बाद 2012 में चेयरमैन का पद छोड़ दिया था।

दिवंगत केशब महिंद्रा ने 1947 में अपने पिता की कंपनी में काम करना शुरू किया था। इसके बाद 1968 में उन्हें महिंद्रा ग्रुप का चेयरमैन बनाया गया था। केशब महिंद्रा, उद्योगपति आनंद महिंद्रा के चाचा थे और अभी तक महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन एमेरिटस थे। साल 2012 में उनके ग्रुप चेयरमैन पद से रिटायर होने के बाद आनंद महिंद्रा को ये जिम्मेदारी मिली थी।

केशब महिंद्रा 9 अक्टूबर 1923 को शिमला में हुआ था। उनके निधन पर पूरी कॉरपोरेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

उम्र का शतक लगाने से ठीक पहले अरबपतियों की लिस्ट में वापसी करने को लेकर वे बीते दिनों सुर्खियों में थे और कुछ दिन बाद ही उनके निधन की खबर आई। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र के अध्यक्ष पवन गोयनका ने ट्वीट के जरिए शोक व्यक्त किया।

गोयनका ने अपने ट्वीट में लिखा, 'औद्योगिक जगत ने आज सबसे बड़ी शख्सियतों में से एक को खो दिया है। केशब महिंद्रा का कोई मुकाबला नहीं था, सबसे अच्छे व्यक्ति को जानने का मुझे सौभाग्य मिला। मैं हमेशा उनसे मिलने के लिए उत्सुक रहता था और मैं उनसे बहुत प्रेरित था। ओम शांतिः

केशब महिंद्रा कंपनी कानून और मोनोपोलिस्टिक एंड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेज और सेंट्रल एडवाइजरी काउंसिल ऑफ इंडस्ट्रीज सहित विभिन्न सरकारी समितियों में भी अहम भूमिकाओं में शामिल रहे थे। साल 2004 से 2010 तक महिंद्रा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन प्रधानमंत्री की व्यापार और उद्योग परिषद के सदस्य रहे थे। 99 साल की उम्र में दुनिया छोड़कर जाने वाले दिग्गज उद्योगपति केशब महिंद्रा ने टाटा स्टील, टाटा केमिकल्स, आईसीआईसीआई, आईएफसी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और इंडियन होटल्स जैसी कंपनियों के बोर्ड और काउंसिल में भी काम किया है।

## कोविड के उपचार, टीके विकसित करने पर पांच अरब डॉलर से ज्यादा खर्च करेगा अमेरिका

**लॉस एंजेलिस , एजेंसी**। अमेरिकी सरकार नए कोरोना वायरस टीकों और उपचारों के विकास में तेजी लाने के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा खर्च कर एक कार्यक्रम शुरू कर रही है, ताकि वर्तमान और भविष्य के कोविड वेरिएंट के खिलाफ बेहतर सुरक्षा की जा सके। प्रोजेक्ट नेक्स्ट जेनरेशन नाम का यह कार्यक्रम सरकार को टीकों और उपचारों के विकास में तेजी लाने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ साझेदारी करने की अनुमति देगा।

नया प्रयास तीन लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा। पहला– लंबे समय तक चलने वाले मोनोक्लोनल एंटीबॉडी बनाना। दूसरा– म्यूकोसल प्रतिरक्षा उत्पन्न करने वाले टीकों के विकास में तेजी लाना, जिसके बारे में माना जाता है कि यह संचरण और संक्रमण के जोखिम को कम करता है।

# चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए कप्तानी में जड़ा 'दोहरा शतक', फ्रेंचाइजी ने माही को दी यादगार भेंट



नई दिल्ली, । आईपीएल 2023 के 17वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आमने सामने हैं। एमए चिदंबरम स्टेडियम में यह मैच खेला जा रहा है। इस मैच के टॉस के लिए आते ही धोनी ने अपने नाम एक और रिकॉर्ड दर्ज कर लिया। महेंद्र सिंह धोनी 200वीं बार चेन्नई सुपरकिंग्स की कप्तानी कर रहें।

चेन्नई के लिए 200 मैच में कप्तानी करने की इस खास उपलब्धि पर चेपॉक में दर्शकों के सामने धोनी को सम्मानित किया गया। मैच से पहले पूर्व इउउक सचिव एन श्रीनिवासन ने एमएस धोनी को स्मृति चिन्ह भेंट की। धोनी को 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया था। उनकी कप्तानी में चेन्नई ने चार बार आईपीएल का खिताब जीता है।

धोनी बने पहले खिलाड़ी

बता दें कि टीम के साथी खिलाड़ियों ने लीजेंड धोनी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मैदान पर आते हुए धोनी को टीम के खिलाड़ियों ने कतार बद्ध होकर 200 मैच में कप्तानी करने पर बधाई दी। धोनी पहले ऐसे कप्तान बने, जिन्होंने आईपीएल में एक फ्रेंचाइजी के लिए 200 मैच में कप्तान की है। धोनी 13 सीजन में चेन्नई का नेतृत्व कर चुके हैं।

गौरतलब हो कि एमएस धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 आईपीएल खिताब जीते हैं। धोनी के नेतृत्व में उरङ ने रिकॉर्ड 9 बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई है।

धोनी ने अब तक सीएसके की 200 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से टीम ने 120 मैच जीते हैं।

धोनी की कप्तानी में सीएसके का विजयी प्रतिशत 60.61 है। इस दौरान धोनी ने 4000 से ज्यादा रन बनाए, जिसमें 22 अर्धशतक शामिल हैं।

# एशियाई चैंपियनशिप में निशा ने जीता रजत, प्रिया को कांस्य



अस्ताना । भारतीय पहलवान निशा दहिया ने एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में जापान की आमी इशी से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता इशी ने 68 किग्रा वर्ग के फाइनल में भारतीय पहलवान को चित्त करके 10–0 से मात दी। इससे पूर्व, निशा ने चीन की फेंग झोऊ के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनायी थी।

एशियाई चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहीं निशा सेमीफाइनल में एक समय पर 3–6 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए फेंग को 7–6 से हराया। इससे पूर्व उन्होंने चर्टरफाइनल में मंगोलिया की डेलगर्मा एंखसाईखान को मात दी थी।इसी बीच, निशा की हमवतन प्रिया (76 किग्रा) ने कांस्य पदक मुकाबले में जापान की मिजुकी नागाशीमा को 2–1 से हराया। नीलम ने भी 50 किग्रा के कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनायी थी, लेकिन उन्हें जापान की रेमिना योशीमोतो के हाथों 8–0 की हार का सामना करना पड़ा।

# प्रीतम सिवाच अकादमी ने जीती अंडर–21 महिला हॉकी लीग



लखनऊ ] प्रीतम सिवाच स्पोर्ट्स फाउंडेशन हॉकी टीम ने खेलो इंडिया अंडर–21 महिला लीग के फाइनल में एचएआर हॉकी अकादमी को 2–0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

पद्म श्री मोहम्मद शाहीद हॉकी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में तन्नु ने पहले चर्टर में एक फील्ड गोल के माध्यम से प्रीतम सिवाच का खाता खोला, जबकि साक्षी राणा ने तीसरे चर्टर में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। साक्षी कुल आठ गोल करके टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर भी बनी रहीं।

इस बीच, स्पोर्ट्स हॉस्टल ओडिशा ने पहले दिन कांस्य पदक मैच में साई बाल टीम को 3–1 से हराया।

कुलदीप सिवाच द्वारा प्रशिक्षित टीम को चैंपियन बनने पर पांच लाख रुपये के इनाम से नवाज़ा गया, जबकि उपविजेता को तीन लाख रुपये दिये गये। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को दो–दो लाख रुपये दिये गये।

# रोमांचक मुकाबला जीतकर मुंबई ने खाता खोला

नयी दिल्ली ,। फॉर्म में लौटे कप्तान रोहित शर्मा (65) के अर्द्धशतक और तिलक वर्मा की 41 रन की पारी की बदौलत मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से मात देकर अंक तालिका में अपना खाता खोल लिया।दिल्ली ने इस गलाकाट प्रतियोगिता में अक्षर पटेल (54) और डेविड वॉर्नर (51) के अर्द्धशतकों की मदद से मुंबई के सामने 173 रन का लक्ष्य रखा। मुंबई ने यह लक्ष्य आखिरी गेंद पर हासिल करके इस सीजन की पहली जीत दर्ज की।दिल्ली ने 98 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन अक्षर ने अंतिम ओवरों में पारी को संभाल लिया। उन्होंने आईपीएल का अपना पहला अर्द्धशतक बनाते हुए कप्तान वॉर्नर के साथ छठे विकेट के लिये 67 रन की बहुमूल्य साझेदारी की, जिसकी मदद से मेज़बान टीम ऑलआउट होने से पूर्व सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच सकी।

रोहित और तिलक ने दूसरे विकेट के लिये अर्द्धशतकीय साझेदारी करके मुंबई को जीत के बेहद करीब पहुंचा दिया, लेकिन दिल्ली ने चार रन के अंतराल में तीन विकेट लेकर मैच में सनसनीखेज़ वापसी की।

जब मुंबई को 12 गेंद में 20 रन की दरकार थी तब मुंबई ने 19वें ओवर में मुस्ताफिज़ुर रहमान के विरुद्ध 15 रन जोड़ लिये। आनरिक नॉर्खिया ने आखिरी ओवर की शुरुआती चार गेंद पर सिर्फ तीन रन दिये, हालांकि टिम डेविड ने अंतिम गेंद को मिड–ऑफ की ओर खेलकर दो रन चुराते हुए मुंबई को जीत दिलाई।

रोहित ने मुंबई की पारी की शुरुआत करते हुए दूसरी गेंद से ही आक्रमकता का प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले ओवर में मुकेश कुमार को एक छक्का और दो चौके जड़ते हुए 14 रन जोड़े। दूसरे छोर से ईशान किशन ने उनका बखूबी साथ दिया और दूसरे ओवर में मुस्ताफिज़ुर रहमान को तीन चौके लगाये। दोनों के बेबाक रवैये के कारण मुंबई छह ओवर में 68 रन तक पहुंच गयी, जो इस सीजन पावरप्ले में उनका सबसे बड़ा स्कोर है।

पावरप्ले के बाद स्पिनरों ने किशन को परेशान किया और वह 26 गेंद पर 31 रन की पारी खेलने के बाद दबाव में आकर रनआउट हो गये।

तिलक वर्मा को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा, लेकिन रोहित ने अपनी श्रेष्ठतम बल्लेबाजी जारी रखी और 29 गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। दूसरे छोर से तिलक ने भी हाथ खोल लिये और रोहित के साथ दूसरे विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की।



इस साझेदारी ने मुंबई को जीत के करीब पहुंचा दिया, हालांकि चार रन के अंदर तीन विकेटों के पतन के साथ मैच में मोड़ देखने को मिला।

मुकेश कुमार ने 16वें ओवर की पांचवीं और छठी गेंद पर तिलक और सूर्यकुमार यादव (शून्य) को आउट किया। मुस्ताफिज़ुर ने अगले ओवर में रोहित शर्मा को पवेलियन लौटा दिया।

रोहित के आउट होने के बाद मुंबई को जीत दिलाने की जिम्मेदारी टिम डेविड और कैमरन ग्रीन पर थी। दोनों ने 19वें ओवर में मुस्ताफिज़ुर को एक–एक छक्का जड़ा। डेविड को आखिरी ओवर की दूसरी गेंद में जीवनदान मिला जब मुकेश ने शॉर्ट मिड–ऑन पर उनका कैच गिरा दिया। डेविड ने इसके बाद आखिरी गेंद पर दो रन लेकर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचाया।

मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और दिल्ली शुरुआती ओवरों में आक्रमक नज़र आयी। कप्तान रोहित शर्मा ने विकेट की तलाश में चौथा ओवर ऋतिक शौकीन को दिया और उन्होंने पृथ्वी शॉ (15) को आउट करके मुंबई को पहली सफलता दिलाई।

मुंबई के स्पिनरों ने वॉर्नर को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरे मनीष पांडे ने कुछ अच्छे शॉट खेलकर दिल्ली को पावरप्ले के अंत में 51 रन तक पहुंचा दिया। मनीष और वॉर्नर के बीच दूसरे विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी हुई, जिसे पीयुष चावला ने मनीष को आउट करके तोड़ा।

मनीष ने 18 गेंद पर पांच चौकों के साथ 26 रन बनाये। पीयूष ने उन्हें आउट करने के बाद रोवमैन पॉवेल और ललित यादव को भी आउट किया, जबकि पदार्पण कर रहे यश धुल राइली मेरेडिथ का शिकार हो गये।

लगातार गिरते विकेटों के बीच वॉर्नर चट्टान की तरह खड़े रहे और 13वें ओवर से उन्हें अक्षर का साथ मिल गया। वॉर्नर भले ही लगातार संघर्ष करते नज़र आये मगर अक्षर ने इस साझेदारी में आक्रमक भूमिका निभाई। उन्हें 15वें ओवर में ऋतिक की गेंद पर जीवनदान भी मिला, जब लॉन्ग ऑन पर खड़े सूर्यकुमार यादव उनका कैच नहीं लपक पाये।

मुंबई को इसका हरजाना भुगतना पड़ा, जबकि अक्षर ने 25 गेंद पर चार चौकों और पांच छक्कों के साथ 54 रन की पारी खेलकर वॉर्नर के साथ 67 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। दिल्ली 18 ओवर में 165 रन के स्कोर तक पहुंच गयी, लेकिन बेहरेनडॉर्फ ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर अक्षर को आउट करके विकेटों की झड़ी लगा दी। बेहरेनडॉर्फ ने इस ओवर में मात्र एक रन देते हुए अक्षर के बाद वॉर्नर (47 गेंद, 51 रन) और अभिषेक पोरेल को भी आउट किया, जबकि कुलदीप यादव रनआउट हो गये। मेरेडिथ ने 20वें ओवर की चौथी गेंद पर नॉर्खिया को बोल्ड करके दिल्ली की पारी समाप्त की।

## फिल्मी सफर

# किसी का भाई किसी की जान का ट्रेलर रिलीज, एक्शन–रोमांस और कॉमेडी का धमाका

किसी का भाई किसी की जान न सिर्फ सलमान खान, बल्कि बॉलीवुड की भी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पोस्टर से लेकर टीजर तक पर प्रशंसकों ने जमकर प्यार लुटाया है। पिछले दिनों सलमान ने फिल्म का एक नया रोमांटिक पोस्टर सोशल मीडिया पर साझा कर यह जानकारी दी थी कि ट्रेलर 10 अप्रैल को रिलीज होगा और अब प्रशंसकों का इंतजार खत्म हो गया है। फिल्म का ट्रेलर खुद सलमान ने सोशल मीडिया पर साझा किया है।ट्रेलर की शुरुआत सलमान से होती है, जो बोलते हैं कि उनका कोई नाम नहीं है, लोग उन्हें भाईजान के नाम से जानते हैं। फिर होती है पूजा की एंट्री, जो भाईजान के प्यार में गिरफ्तार होने लगती हैं। वेंकटेश, पूजा के भाई बने हैं, जिनकी जिंदगी में एक विलेन (जगतपति बाबू) है, जो उनके परिवार को खत्म करने पर तुला है। सलमान अपनी प्रेमिका पूजा और उसके परिवार को बचाने के लिए गुंडों की धुनाई करते दिख रहे हैं।

फिल्म के ट्रेलर में वो सबकुछ है, जिसकी उम्मीद सलमान के प्रशंसकों को उनसे होती है। एक्शन से लेकर, रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा तक इसमें सबकुछ मौजूद है। जहां ट्रेलर में सलमान और अभिनेत्री पूजा हेगड़े की केमिस्ट्री शानदार लग रही है, वहीं सलमान के धांसू एक्शन और स्टंट भी हैरान करते हैं। उनका लुक भी देखते ही बनता है। ट्रेलर देख लगता है कि जल्द ही एक जबरदस्त फैमिली एंटरटेनर फिल्म की सौगात दर्शकों को मिलने वाली है।ट्रेलर में सलमान का स्टाइल और उनका अंदाज प्रशंसकों को लुभा रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके ज्यादातर प्रशंसकों का मानना है कि पठान को जबरदस्त टक्कर देगा भाईजान। एक फैन ने लिखा, बॉलीवुड को अनदेखा कर सकते हैं, लेकिन भाईजान को नहीं। एक ने लिखा, ईद पर रॉक करने आ रहे हैं सलमान और शानदार ईदी मिलने वाली है। एक ने लिखा, आ गया बॉलीवुड का भाई और भारत की जान। एक अन्य फैन ने लिखा, कमाल का स्वैग।




इस फिल्म में भूमिका चावला और भाग्यश्री भी नजर आएंगी। खास बात यह है कि इन दोनों ही अभिनेत्रियों के साथ सलमान पर्दे पर रोमांस करते दिख चुके हैं। शहनाज गिल, जस्सी गिल, पलक तिवारी और बिग बॉस 16 में दिखे अब्दु रोजिक भी फिल्म में दिखेंगे, वहीं साउथ के सुपरस्टार वैंकटेश भी फिल्म का हिस्सा हैं। फरहाद सामजी इस फिल्म के निर्देशक हैं। किसी का भाई किसी की जान ईद के मौके पर यानी 21 अप्रैल को रिलीज होगी।

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म उत्तर भारत और दक्षिण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह 4 भाइयों की कहानी है, जिनमें सलमान सबसे बड़े भाई हैं, जो अपने परिवार को सुरक्षित रखने के साथ ही समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए समर्पित है। पहले इस फिल्म का नाम कभी ईद कभी दिवाली रखा गया था।

# ईशान खट्टर के हाथ लगी हॉलीवुड सीरीज, निकोल किडमैन के साथ आएंगे नजर

बॉलीवुड अभिनेता ईशान खट्टर अब जल्द ही हॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने वाले हैं। ईशान के हाथ एक हॉलीवुड सीरीज लगी है, जिसमें वह अभिनेत्री निकोल किडमैन के साथ दिखाई देंगे। यह सीरीज इलिन हिल्डरब्रेंड के उपन्यास द परफेक्ट कपल का रूपांतरण है। इससे पहले ईशान फिल्म डोंट लुक अप में कैमियो कर चुके हैं, लेकिन इस सीरीज में वह मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। पिछले महीने ही ईशान ने इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भरी है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सीरीज से जुड़े एक सूत्र से इस बारे में जानकारी मिली है। सूत्र के मुताबिक, ईशान पिछले कुछ समय से सीरीज के सिलसिले में निर्माताओं के साथ बातचीत कर रहे थे और पिछले महीने ही उन्होंने इसे करने का फैसला लिया। इस सीरीज में ईव ह्युसन, बिली हॉवेल, डकोटा फैनिंग, मेघन फही और इसाबेल अदजानी भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। कहा जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट अगले हफ्ते शुरू होगा।

ईशान ने लियोनार्डो डिकैप्रियो और जेनिफर लॉरेंस अभिनीत डोंट लुक अप में छोटा कैमियो किया था, जिसकी झलक अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर साझा की थी। फिल्म में ईशान का कैमियो महज कुछ सेकंड का था, जिसे दर्शकों ने पसंद किया था। वह मेरिल स्ट्रीप के साथ एक सीन में नजर आए थे। यह फिल्म दिसंबर, 2021 में नेटफ्लिक्स पर आई थी, जिसमें



भारतीय मूल के अभिनेता हिमेश पटेल भी थे।हॉलीवुड में कई बॉलीवुड सितारे अपनी किस्मत आजमा चुके हैं और इस साल भी कई सितारे डेब्यू के लिए तैयार हैं। आलिया भट्ट नेटफ्लिक्स की हार्ट ऑफ स्टोन में नजर आने वाली हैं, जो 11 अगस्त को रिलीज होगी। सामंथा रुथ प्रभु भी फिल्म अरेंजमेंट्स ऑफ लव में दिखाई देंगी, जिसमें वह बायसेक्सुअल तमिल महिला का किरदार निभाएंगी। इसके अलावा शोभिता धुलिपाला के भी मंकी मैन से हॉलीवुड डेब्यू करने की खबरें हैं।ईशान जल्द ही पिप्पा में दिखाई देंगे,

# बैकलेस ड्रेस में सोफी चौधरी ने चलाया हुस्न का जादू, हॉट फोटो देख फैंस हुए फिदा

बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी हमेशा से ही अपने बोल्ड लुक्स और स्टनिंग ड्रेसिंग सेंस से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो उनकी हॉटनेस देख फैंस के दिलों की धडक़नें तेज हो जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का लेटेस्ट बैकलेस लुक देख कर फैंस बेकाबू हो गए हैं। अपनी ग्लैमरस अदाओं का जलवा बिखेरने वाली एक्ट्रेस सोफी चौधरी की हाल ही में कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस सोफी का हॉटनेस भरा अंदाज देख कर फैंस उनके हुस्न की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिसमें वो बेहद ही हॉट एंड सेक्सी लग रही हैं।



बता दें कि एक्ट्रेस सोफी चौधरी खूबसूरती के मामले में बॉलीवुड की कईं बोल्ड अभिनेत्रियों को टक्कर देती हैं। हालांकि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट भी इस बात का गवाह है। एक्ट्रेस का इंस्टा उनकी ग्लैमरस तस्वीरों से भरा पड़ा है। सोफी चौधरी ने अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में ब्लैक कलर की शॉर्ट बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस आउटफिट में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। जहां फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सोफी चौधरी इन फोटोज में कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए बेहद ही सेक्सी पोज दे रही हैं।

# अखिल अक्किनेनी की फिल्म एजेंट का पोस्टर जारी, हिंदी में भी होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता अखिल अक्किनेनी के चाहने वाले दुनिया भर में मौजूद हैं, जो उनकी आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अखिल ने अपना 29वां जन्मदिन के खास मौके पर उन्होंने अपनी पैन इंडिया फिल्म एजेंट का ऐलान किया है, जिसे लेकर उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। एजेंट में वह मेगा स्टार मामूट्टी और साभी वैद्य के साथ नजर आएंगे। यह फिल्म सुरेंदर रेड्डी द्वारा निर्देशित है।

निर्माताओं ने शुक्रवार को एजेंट का पोस्टर भी साझा किया है, जिसमें अखिल एक अलग अवतार में दिखाई दे रहे हैं। यह फिल्म 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। एजेंट को आप हिंदी समेत तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषा में देख सकते हैं। फिल्म की कहानी वक्कंथम वामसी द्वारा लिखी गई है, जबकि यह फिल्म रामब्रह्मम सुंकारा द्वारा निर्मित है।



फिल्म में अखिल एक्शन से भरपूर अवतार में नजर आएंगे। उनके पास मशीनगन होंगी। यूनिट के सूत्रों का कहना है कि एजेंट एक स्पाई एंटरटेनर व एक्शन फिल्म है।अखिल पहली बार एक्शन अवतार में नजर आएंगे। निर्माता सुरेंदर रेड्डी ने दावा किया है कि उनका किरदार ऐसा होगा, जो उन्होंने अपने करियर में कभी नहीं निभाया।फिल्म की कहानी वक्कंथम वामसी ने लिखी है। इसके अलावा, यह एके एंटरटेनमेंट्स और सुरेंद्र 2 सिनेमा के तहत रामब्रह्मम सुनकारा द्वारा निर्मित है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली इसके एडिटर हैं, जबकि अविनाश कोल्ला आर्ट डायरेक्टर हैं।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com